CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 19°C
तापमान

सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45

सोना 91,455
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 7 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 5 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चार महीने बाद मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रामेश्वरम में पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज लोकार्पित

रामेश्वरम, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवम्बर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन इस कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और - शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम मोदी ने किया नए पम्बन ब्रिज का लोकार्पण
- पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा पम्बन ब्रिज

### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी।

# किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म की 131 दिनों की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पंजाब के बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिनों से चली आ रही अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को खत्म कर दी। उन्होंने पिछले साल 26 नवम्बर को आंदोलनकारी किसानों की अलग -अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी भी शामिल है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से उनसे आमरण अनशन खत्म करने की अपील किए जाने एक दिन बाद जगजीत सिंह ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' के दौरान ऐलान किया कि वे अपनीअनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर रहे हैं किसानों की सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आप सभी ने (मुझसे) आमरण अनशन खत्म करने के लिए कहा था। मेरे लिए 'संगत' (लोग) 'रब्ब दा रूप' (भगवान का एक रूप) है।



- एक मजबूत मोर्चा बनाने की बात करते हुए डल्लेवाल ने कहा मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा

### न्यायमूर्ति पल्ली को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 4 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### मनोज चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 8वें बिशप

**अमृतसर।** राइट रेव मनोज चरण को, रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण, जो कि चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 'धर्मांतरण नहीं, बल्कि वार्तालाप' का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

### भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नागालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्एई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं।

### सीजेआई खन्ना ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को तिरुमाला मंदिर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने महाद्वारम में मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें मंदिर ले गए। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में शेष वस्त्रम और तत्पश्चात वेदसर्वचनम भेंट किया गया।


# जमीयत की वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

## केंद्र को नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने को अंतरिम आदेश की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जमीयत उलमा- ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह बिल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य मामलों में न्याय हुआ, वैसे ही इस संवेदनशील और असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। मौलाना मदनी ने तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, संविधान रक्षा सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि उन लोगों के ज़मीर को जगाया जा सके, जिन्होंने सत्ता के लालच में संविधान की मूल आत्मा को ही भुला दिया, लेकिन अफसोस वही हुआ, जिसका डर था। खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना मदनी ने कहा कि इन नेताओं का व्यवहार सांप्रदायिक ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इन्होंने दोस्त बनकर पीठ में छुरा घौंपा -शेष पृष्ठ दो पर



- लोकतंत्र और वक्फ की रक्षा के लिए आखिरी खून की बूंद तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा: मौलाना अरशद मदनी
- कहा: जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी।

### वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता।

### भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: ओम बिरला

**नई दिल्ली/ताशकंद।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आईपीयू की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्यवाही' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

# उत्तराखंड की राह पर कर्नाटक: UCC की शुरू हुई वकालत

## देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक हाईकोर्ट** ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं।

यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है। कोर्ट ने बताया कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही यूसीसी की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस वजह से अब केंद्र और बाकी राज्यों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी केंद्र और कर्नाटक सरकार के कानून सचिवों को भेजने के निर्देश दिए हैं।



- हाईकोर्ट बोला: संविधान निर्माता भी इसके हक में थे, कोर्ट ने की राज्य और केंद्र से कानून बनाने की अपील

### सौरभ हत्याकांड: मुस्कान जेल में हुई बीमार, कई दिन से हो रही उल्टियां

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डाक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डाक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं। बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी। इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

# भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस क बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गई कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

# सम्भल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा-अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण। डीएम और एसपी ने पूजन कर लोकार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्णय किया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी। इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगरों ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।



- जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत चौकी का किया गया लोकार्पण, अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी

### सूर्य की किरणों से रामलला को तिलक, अभिषेक कराया
### अयोध्या में धूमधाम से मना रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गए।जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घडियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए।

### गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

चैत्र वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगदगुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन होगा देश की बड़ी घटनाः वासनिक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनी. तिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कांग्रेस अधिवेशन है।

कांग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। इसकी पहली बैठक अहमदाबाद में 23-26 दिसंबर 1902 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी की अध्यक्षता में हुई थी। दूसरी बैठक गुजरात के सूरत में 26-27 दिसंबर 1907 को रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में हुई थी, जबकि तीसरी बैठक अहमदाबाद में 27-28 दिसंबर 1921 को हकीम अजमल खान की अध्यक्षता में हुई थी। गुजरात में कांग्रेस की चौथी बैठक हरिपुरा में 19-21 फरवरी 1938 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुई थी तथा पांचवीं बैठक भावनगर में छह-सात जनवरी 1961 को नीलम संजीव रेढी की अध्यक्षता में हुई थी। अब छठी बैठक आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन के दौरान विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति आठ अप्रैल को सरदार पटेल स्मारक पर होगी और अगले दिन कांग्रेस कमेटी की बैठक साबरमती आश्रम और कोचरब आश्रम के बीच साबरमती नदी के तट पर होगी।

## बिहार में बेगूसराय में युवा साथियों से मिलूंगाः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बेगूसराय में हो रही इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं। गांधी ने कहा कि बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि आप भी सफेद टी शर्ट पहन कर आइए, सवाल पूछिए, आवाज़ उठाइए-सरकार पर आपके अधिकारों के लिए दबाव बनाने के लिए उसे हटाने के लिए। यहां रजिस्टर कर सफेद टी-शर्ट आंदोलन से जुड़िए। आइए, हम मिलकर बिहार को अवसरों वाला राज्य बनाएं।

# इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा



- बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार ने कहाः अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं
- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या, वार्ता**

बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने रविवार को श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर आए श्रद्धालुओं का फूलों से वर्षा कर स्वागत किया।

इकबाल अंसारी ने रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं पर जमकर फूलों की वर्षा की। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया है। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर जलाभिषेक करीब चार मिनट तक किया। अयोध्या के मंदिरों में बधाईयां व सोहर के गीत गाए जा रहे हैं, जिस पर दूरदराज से आए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में जा करके दर्शन और पूजन कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं के ऊपर फूल की वर्षा करने के बाद कहा कि यह कदम भाईचारे और एकता के संदेश के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा रामभक्तों पर फूल बरसाकर हमने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अयोध्या प्रेम और सौहार्द की मिसाल बन गई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं है। हम लोग सौहार्दपूर्वक यहां रहते हैं। हिन्दू अपना त्यौहार मनाते हैं हम अपना त्यौहार मनाते हैं। एक-दूसरे के त्यौहार में हम लोग शरीक होते हैं। अयोध्या जो है प्रेम और सौहार्द की जगह है। पूरे देश में यह संदेश हम देना चाहते हैं। वही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने आज रामनवमी के दिन अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन किए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामनवमी के दिन श्रीरामजन्मोत्सव पर रामलला का दर्शन करने के बाद अनौपचारिक रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला से मैंने देश में अमन-चैन बरकरार रखने के लिए आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि रामजन्मोत्सव के मौके पर मैंने अपने पूरे परिवार के साथ अपनी बहू, बेटे व बेटी के साथ भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किए।

सांसद अयोध्या ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि यहां की जनता ने मुझे सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि अभी राम मंदिर का काम बाकी है। करीब डेढ़ साल इसको पूरा होने में लगेंगे। श्रीराम का दर्शन कर मैंने प्रार्थना की कि सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि और खुशहाली दें। मैंने प्रार्थना की कि जिन मतदाताओं ने मुझे वोट देकर सांसद बनाया है, उनकी उम्मीदों पर हम खरे उतरें। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी के सभी रहने वालों की चरणों की धूल को माथे से लगाकर मैंने दर्शन किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता पर चली गोली, हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में रविवार को एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता को गोली मार दी गई। पुलिस ने अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता आशुतोष बिस्वास अपनी पत्नी को गायघाटा में रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनके बाएं सीने में गोली लग गई और वे गिर पड़े। उनकी तेज चीख सुनकर स्थानीय लोग सतर्क हो गए, जिन्होंने पुलिस की मदद से हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की पहचान तपन बाला के रूप में हुई है। घायल कार्यकर्ता को पहले ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।

### हावड़ा में भीषण आग लगने से लुब्रिकेंट फैक्ट्री जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हावड़ा के डोमजूर में भीषण आग लगने से एक पूरी लुब्रिकेंट ऑयल फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आग बुझाने के लिए करीब 18 अग्निशमन वाहनों को तैनात किया गया। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह आग शनिवार की रात को करीब 11 बजे लगी थी। सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन आग की लपटों के कारण फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटों ने आसपास की एक अन्य फैक्ट्री को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा।

### कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली क्षेत्र में एक कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुरौली क्षेत्र के ग्राम सुकई परसिया निवासी राम मूरत चौहान (50) कीर्तन गाते थे और वे शनिवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगस्त पार में कीर्तन गाने के लिए गए और रात में बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने क्षेत्र के धमऊर परशुराम गांव के पास गोली मारकर फरार हो गए।

## सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भावः योगी

# मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव सबका दायित्व

**गोरखपुर, वार्ता**



- सरकार ने मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाईः सीएम
- मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मांभगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूत परंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र शारदीय व वासंतिक में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला- पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसितभारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सवका भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्णमनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज 12 बजे भगवान सूर्य भी रामलला का सूर्यतिलक करेंगे। योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुनः प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबको मर्यादित आचरण करने के साथ ही सम या विषम परिस्थित में धैर्य न खोकर चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यो तथा सार्वजनिक तथा राष्ट्रीय रिश्तों का निर्वहन कैसे हो, इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वर में देश के पहले ऑटो ब्रिज, पंबन ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और।दक्षिण की सीमाओं को एकसाथ जोध्कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विज़न को दर्शाता है। इससे जुड़ने का आज हम सबको एक अवसर प्राप्त हो रहा है और इसके लिए हम सभीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों को किया रवाना

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोरखनाथ मंदिर से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वाहन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा चलाए जा रहे हैं। वाहनों को रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया और उन्हें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से लाए शिव बाबा के प्रसाद को भेंट किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य आगामी दो सालों में प्रदेश के सभी जिलों में अधिक से अधिक गांवों में मोबाइल वैन में लगे ऑडियो वीडियो प्रदर्शनी से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना है।

# ग्रामीण महिलाओं की बाजार तक होगी सीधी पहुंच

**लखनऊ, वार्ता**

- महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी बिक्री से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में 520 स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जिसके जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ रही है। यही नहीं अब बांदा में बड़ा केंद्र चलाने की तैयारी पूरी है। ग्रामीण महिलाओं को अभियान के जरिए बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं को कृषि उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और मार्केटिंग में शामिल किया जा रहा है। इससे बिचौलियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है और महिलाओं को उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है। इस पहल के तहत चल रहे केंद्रों ने महज आठ महीनों में 34.58 लाख रुपए का राजस्व कमाया है, जिसमें से 27.32 लाख रुपए सीधे एसएचजी सदस्यों को मिले हैं। दाल और मसालों जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इन महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) का लक्ष्य 15 लाख ग्रामीण परिवारों को लखपति दीदी पहल से जोड़कर उनकी सालाना आय एक लाख रुपए से अधिक करना है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे न केवल अपने उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर पा रही हैं, बल्कि समुदाय में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्नति दीदी अभियान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी किए जाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने एवं आर्थिक मंदी की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2050.23 अंक अर्थात 2.65 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर दो सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75364.69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 614.9 अंक यानी 2.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 22904.45 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1022.59 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40508.53 अंक और स्मॉलकैप 770.96 अंक यानी 1.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 45867.17 अंक रह गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत धीमी रही है, जिसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाया जाना है। इससे आईटी और धातु जैसे क्षेत्रों ने व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं और संभावित जवाबी व्यापार कदमों की आशंका को दर्शाता है। निवेशक अब वैश्विक व्यापार साझेदारों की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई पर करीबी नजर बनाए हुए हैं, जिससे भू- राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता और गहराने की संभावना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव संतुलित रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 84 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.21 सेंट की तेजी लेकर 45-41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100, मूंग दाल 150 रुपए, उड़द दाल 150 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गईं। वहीं, मसूर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रामेश्वरम में...** सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ब्रिज के लिए 75 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और आटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें काउंटर-वेट्स लगाए गए हैं। जब ब्रिज ऊपर उठता है, तो शिव्स यानी बड़े-बड़े पहियों की मदद से स्पैन और काउंटर-वेट दोनों को सपोर्ट मिलता है। जब ब्रिज नीचे आता है, तो काउंटर-वेट्स उसका वजन संभाल लेते हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से ब्रिज ज्यादा वजन सह सकता है। इससे ब्रिज के सेंटर स्पैन की वर्टिकल लिफ्टिंग स्मूद और सेफली हो पाती है।

**जमीयत की...** है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेक्युलर जनता और खासकर मुसलमान इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के ज़रिये उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। मौलाना मदनी ने दो. हराया कि यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें अल्लाह की ज़ात पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण मामलों में हमें न्याय मिला है, वैसे ही इस महत्वपूर्ण मामले में भी हमें न्याय मिलेगा, क्योंकि यह मामला केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का भी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है। यह याचिका संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के तहत दाखिल की गई है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फुज़ैल अय्यूबी ने मौलाना अरशद मदनी के आदेश पर यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रबंधन तथा वक्फ संपत्तियों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है।इस सिविल रिट याचिका के साथ-साथ एक अंतरिम अर्जी भी दाखिल की गई है, जिसमें केंद्र सरकार को इस कानून के नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में वक्फ बाय यूजर की प्रक्रिया को समाप्त करने पर आपत्ति जताई गई है और यह कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि केस में वक्फ बाय यूजर की अवधारणा को मान्यता दी है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही, वक्फ बोर्ड में मुस्लिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनिवार्यता को हटाए जाने को भी चुनौती दी गई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर की गई याचिका में अंत में कहा गया है कि इन असंवैधानिक संशोधनों से वक्फ अधिनियम 1955 की मूल आत्मा और उसकी नींव को गहरी क्षति पहुंची है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300ए का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा इस केस की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है व संभावना है कि आने वाले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसकी जल्दी सुनवाई की गुज़ारिश की जाएगी।

# ममता ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने भगवान राम के जन्मोत्सव मना रहे हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

सुश्री बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को बधाई। मैं सभी से शांति, समृद्धि और सभी के लिए विकास के मूल्यों को बनाए रखने और बनाए रखने की अपील करती हूं। मैं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के उत्सव की सफलता की कामना करती हूं। सूत्रों ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में शहर के मध्य भाग में राम राजा ताला में पहले से ही एक रैली आयोजित की गई थी, जहां उनके अनुयायियों ने भगवा रंग के झंडे लिए और जय श्री राम के नारे लगाए और प्रार्थना की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने हिंदू संगठनों की कुछ रैलियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी, क्योंकि शहर की पुलिस ने उन्हें ऐसी रैलियों से वंचित कर दिया था।

न्यायालय ने कहा कि रैलियों में कोई भी व्यक्ति धातु के हथियार नहीं ले जा सकता, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रैली में भाग लेने वाले संगठन कोलक. ाता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी खबरें आ रही हैं कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ बिजनौर-पौड़ी मार्ग पर बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेरठ भेज दिया, तथा मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है। हालांकि इस मामले में समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर थाने पर नहीं गई थी। थाना प्रभारी इन्दु वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सकिस्त हाल निवासी रामराज निवासी सक्षम पुत्र इंद्र अपनी बाइक पर सवार होकर अपने साथी शनी निवासी फुगाना को बैठाकर मेरठ आईआईएमटी से प्रैक्टिस करके वापस अपने घर रामराज आ रहे थे। जैसे ही मोडखुर्द के समीप स्थित डीमोन्टफोर्ट एकेडमी के सामने आए तो एक अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शनि की मौके पर ही मौत हो गई, तथा सक्षम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में भाई सक्षम को इलाज के लिए मेरठ रेफर करा दिया, तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तथा घायल का इलाज के लिए मेरठ भेज दिया गया है। बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ी कर दी गई है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई होगी।

**बाइक से घर आते हुए हुआ हादसा, मृतक के परिवार में मचा कोहराम**


मृतक शनि।


घायल सक्षम।

# सीसीएसयू के गेट पर सपा सांसद का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हिंदू स्वाभिमान परिषद के द्वारा महान वीर तथा मां भारती के सपूत राणा सांगा के विषय में अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के पुतले का दहन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गेट पर किया गया। सदस्यों ने कहा कि सपा सांसद की सदस्यता समाप्त की जाए तथा उन्होंने जो आज तक सरकार से अपनी तनख्वाह खर्च आदि लिए हैं वह ब्याज सहित वापसी लिए जाएं तथा उन्हें पवित्र भारत भूमि से पाकिस्तान भगा देना चाहिए। उनके द्वारा किया गया अभद्र टिप्पणी वाला कृत क्षमा योग्य नहीं है

## प्रशांत जाटव के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो जल्द होगा बड़ा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब्दुल्लापुर गांव थाना भावनपुर में प्रशांत जाटव की अज्ञात लोगो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी हत्यारो का अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। रविवार को भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह ने पीड़ित पक्ष से मुलाकात कर परिवार के साथ अपनी संवेदनाये व्यक्त की और पुलिस प्रशासन को दो दिन का समय देते हुए कहा की अगर जल्द केस का खुलासा नहीं किया तो प्रशांत जाटव को न्याय दिलाने के लिए दो दिन के बाद बड़ा आंदोलन भीम आर्मी के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान घटना को बताने में परिजनों की आंखे नम थी। उनका कहना था कि पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। इस दौरान जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र, अजय गुर्जर, मंडल प्रभारी विकास हरित, मंडल उपाध्यक्ष रोबिन खेरवाल वाल्मीकि भीम आर्मी महानगर अध्यक्ष गौतम भैय्या आदि मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम पर टिप्पणी करने वाले...

# आरोपी चांद कुरैशी ने मांगी माफी, लगाए जय परशुराम के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद के फेसबुक पेज पर चांद कुरैशी नाम के युवक की फेसबुक आईडी से भगवान परशुराम जी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से ब्राह्मण समाज में रोष उत्पन्न हो गया, प्रकरण इतना आगे बढ़ा कि उत्तर प्रदेश के डीजीपी को स्वयं मेरठ पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण उजागर होने के उपरांत मेरठ पुलिस हरकत में आई और चांद कुरैशी नामक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक व निवर्तमान राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पंडित सुनील भराला ने बताया कि उक्त युवक के परिवार के दर्जनों परिवारजन उनके पल्लवपुरम स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर पहुंचे और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए युवक को बचाने की गुहार लगाई।



इसके उपरांत भराला ने उनको आश्वासन दिया। इसके बाद चांद कुरैशी ने भराला व ब्राह्मण समाज के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी और भगवान परशुराम जी की मूर्ति को हाथ में लेकर कहा कि, मैं भगवान परशुराम जी की बहुत इज्जत करता हूं, मेरे से बहुत बड़ी गलती हो गई, मेरी फेसबुक हैकर ने हैक कर ली गयी है उसने बताया अगर फिर भी मेरे से कोई गलती हुई है कभी नहीं करूंगा और मैं अपनी फेसबुक आईडी आज ही बंद कर दूंगा। इसके उपरांत ब्राह्मण समाज ने उक्त युवक से जय श्री परशुराम का नारा भी लगवाया। इसके उपरांत उक्त युवक व इसके परिवारजनों की ओर लिखित में माफीनामा लिखा गया ओर उसको पल्लवपुरम थाना प्रभारी को दिया गया। इस अवसर पर भराला ने कहा कि ऐसी टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त होता है और उक्त युवक को ऐसी गलती दोबारा न करने की नसीहत दी गई और उसको कहा गया कि अगर ऐसी गलती दोबारा की गई तो उस पर कठोर कार्यवाही कराई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज, संतोष पंडित, शिवम भारद्वाज, शिवकुमार शर्मा, आमिर अली आदि मौजूद रहे।

# नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन

## समाजसेवियो ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, हिंदू समाज में दिखी जागृति की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक के स्वयं सेवकों ने पुष्प वर्षा के बीच रामराज खंड के गांव झुनझुनी में पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। रामराज खंड के गांव झुनझुनी में स्थित जेएसएस पब्लिक स्कूल से पथ संचलन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक डॉ. केशव राव बलिराम हेड गेवार को सामूहिक रूप से प्रणाम किया गया। सबसे पहले संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार, द्वितीय सर संघ चालक गुरुजी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात भगवा ध्वज को प्रणाम कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य पथ संचलन के उपलक्ष में एक पदयात्रा निकाली गई। यह पथ संचलन राम. राज खंड के गांव झुनझुनी में स्थित जेएसएस पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य रास्तों व चौराहों से होते हुए पुन: जेएसएस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। गांव में जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। संचलन के दौरान स्वयं सेवकों ने अनुशासनबद्ध होकर पर संचलन किया। पंक्तियों में चल रहे पूर्ण गणेश के



साथ स्वयं सेवकों के भारत माता के जय करो से गांव गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणेश पहने हुए हाथों में डंडे लेकर चल रहे थे। संघ के जिला प्रचारक संजीव कुमार ने कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित किया उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला एक संस्कारवान संगठन है। यह समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए कार्य करता है। उन्होंने बताया कि संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। रामराज खंड के खंड संच. ालक ब्रह्मचारी सिंह ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा या चैत्र मास के शुक्ल पक्ष का दिन ही प्रथम दिन नव वर्ष का माना जाता है। भारतीय काल गणना में इसे ही वर्ष प्रतिपदा कहते हैं यह वर्ष का प्रथम दिन है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। उनके अनुशासन और राष्ट्रभक्ति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्राम वासियों ने भी नव संवत्सर के इस अवसर पर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव झुनझुनी निवासी सुखपाल सिंह ने की। आरएसएस द्वारा आयोजित रामराज खंड के गांव झुनझुनी में पथ संचलन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दिया। स्वयंसेवकों के पथ संचलन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना बहसूमा क्षेत्र के गांव झुनझुनी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी इंदु वर्मा पुलिस बल के साथ पथ यात्रा के साथ सुरक्षा की दृष्टि में चलती रही। इस मौके पर मवाना जिला प्रचारक संजीव कुमार, राम. राज खंड संचालक ब्रह्मचारी सिंह, खंड कार्यवाह जितेंद्र, सह खंड कार्यवाह मोनू, जिला सह सेवा प्रमुख हरेंद्र, खंड शारीरिक प्रमुख अमरदीप, खंड बौद्धिक प्रमुख सुनील शर्मा, खंड प्रचार प्रमुख डॉ. श्रीपाल कोहली, खंड सेवा प्रमुख बॉबी, विपेंद्र सुधा वाल्मीकि, मवाना खंड से सह खंड कार्यवाह विनीत राणा, ऋषभ गोयल आदि शामिल थे।

## कला एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय नववर्ष के शुभ अवसर पर वार्ड एक शिव हरि मंदिर कालोनी के शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार व रविवार को दो दिवसीय बुक बैंक निर्माण व पुस्तक दान मेला आयोजित किया गया। मेले में 500 से अधिक पुस्तकें दान में प्राप्त हुई। दान मेले में 'भारतीय नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं' विषय पर शाम 3 बजे कला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 40 छात्र- छात्राएं शामिल हुए। एवं शाम 4 बजे 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक बालिका दो वर्गो में संपन्न हुई। इसमें 70 बालक बालि. काएं शामिल हुए। दान मेले में रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समा. जसेवी आलोक सिसोदिया ने विज. ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा पढ़ने के साथ खेल आपको शारीरिक विकास में सहायक होता हैं। इसके साथ ही बुक बैंक का भी शुभारंभ किया। जिसमें पुस्तकों का दान के साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकों की उपलब्धता रहेगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कला प्रतियोगिता में नैनसी प्रथम, चांदनी द्वितीय व उज्जवल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में नैतिक प्रथम, अक्षित द्वितीय व वरूण तृतीय पुरस्कार बालिका वर्ग में काव्या प्रथम, रानी द्वितीय व प्रलीन ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

## एक नजर

### दौराला में महर्षि कश्यप जी की मनाई जयंती



**मेरठ।** सृष्टि के सृजक कहे जाने वाले, सप्त ऋषियों में से एक, वैदिक ऋषि महर्षि कश्यप जी की जयंती दौराला मंडल के मोहम्मदपुर गांव में बूथ अध्यक्ष मिंटू कश्यप के आवास पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके याद किया। इस दौरान आनंद सरूप कश्यप, ओमकार कश्यप, कन्हैया कश्यप, अरविंद कश्यप, प्रमोद कश्यप, यशवीर कश्यप, अमित कश्यप, संगम अहलावत, राहुल कश्यप आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम शोभायात्रा का विधायक ने राम को तिलक लगाकर किया शुभारंभ



**फलावदा।** रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में रविवार को प्रभु श्री राम की शोभायात्रा का शुभारंभ सरधना विधायक अतुल प्रधान ने श्री राम को तिलक लगाते हुए पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। शोभा यात्रा में दुर्गा माता, भारत माता, राम दरबार, व अंतरराष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल आदि सुंदर-सुंदर झांकियों व बैंड और डीजे के साथ कस्बे के श्री बूढा शिव मंदिर से आरंभ होकर परम्परागत मार्ग से होते हुए रामलीला ग्राउंड में समापन किया गया। मुख्य रूप से सपा नेता मोहित तोमर, प्रवीण प्रधान, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, मास्टर अरुण बिश्नोई, एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में सचिन गुप्ता, गौरव गर्ग, प्रदीप त्यागी, शन्नि सोम, आदेश चौधरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं। आयोजनकर्ता मंदिर समिति के प्रधान मनोज बिश्नोई, संरक्षक ज्ञनेंद्र धीमान, मनोज ओपी, बिट्टू तोमर, रामफल सैनी, बृजमोहन खटीक, विमल सैनी, रमेश धीमान, महावीर मुनीम, सुरेंद्र बिश्नोई, योगेश धीमान, आदि लोग शामिल रहे। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

### बहसूमा नगर में रामनवमी जयंती के अवसर पर धूमधाम से निकाली गई झांकी

**बहसूमा।** रामनवमी जयंती के अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंडबाजे की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया तथा जगह-जगह झांकी का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। रविवार को रामनवमी जयंती झांकी का शुभारंभ को जिपं सदस्य नितिन खटीक एवं समाजसेवी सुमित चहल ने नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। रामनवमी की झांकी मोहल्ला ठाकुर द्वारा से शुरू होकर नगर के विभिन्न मोहल्ले में जाते हुए नागरिकों ने स्वागत किया गया, तथा श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों पर भी नृत्य किया और झांकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, मनोज शर्मा, सभासद राजू राठी, सभासद दीपक गुर्जर, सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद मनीष अहलावत, कांति शर्मा, उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उप निरीक्षक कोमल चौधरी, कांस्टेबल नितिन, कांस्टेबल लाखन सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं झांकी में पुलिस की व्यवस्था में भारी पुलिसबल लगाया गया था।

# 46 वें स्थापना दिवस पर आदेश फौजी ने आवास पर फहराया बीजेपी का झंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भाजपा स्थापना दिवस में सिवालखास विधानसभा में सह संयोजक के रूप में काम कर रहे पंडित आदेश फौजी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरूरपुर खुर्द स्थित अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराकर सभी भाजपा के संस्थापक सदस्यों एवं महापुरुषों को जिन्होंने त्याग और तपस्या व कठिन परिश्रम के बल पर लाखों देवतुल्य कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सबसे लोकसभा में पहले दो पौधे लगाकर भाजपा को सींचा है उन सभी भाजपा और जनसंघ के सिपहसालारों के चरणों में नमन और वंदन करता किया जिन्होंने अपने त्याग, समर्पण और निस्वार्थ सेवा से भारतीय जनता पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता बनकर बड़ी बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया है। ऐसे भाजपा के हजारों योद्धाओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता पंडित आदेश फौजी ने कहा भाजपा राजनीतिक दल के साथ साथ राष्ट्रवादी विचारधाराओं का समुंद्र है। जिसको हमें भारत ही नहीं विश्व में भी भाजपा के गौरवमय इतिहास से पक्ष और विपक्ष दोनों रूबरू कराना है। इस दौरान भगत करनावल, विकास शर्मा, मोहित, सूरज आदि मौजूद रहे।



# सैफी स्थापना दिवस पर समाज ने किया सर्वसमाज का ईद मिलन समारोह






जानू लुहार को सम्मानित करते एहसान स्पोर्ट्स वाले व इकबाल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को नूरजहां पैलेस हापुड़ रोड पर 51वां सैफी स्थापना दिवस के मौके पर सर्व समाज का ईद मिलन समारोह व सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसमाज के जिम्मेदार लोगों ने हिस्सा लेते हुए तय किया गया कि समाज में बुराइयों को दूर कर भाईचारा मजबूत किया जाएगा। समाज में फैली हुई कुरुतियो को दूर किया जाएगा। शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। शादियों में अनाप शनाप खर्चे पर रोक लगेगी। इस बीच होनहार बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें एमबीबीएस की छात्र व हायर एजुकेशन के बच्चे शामिल थे, तथा समाज की जिम्मेदार चौधरी व अध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस प्रोग्राम की खासियत ये रही कि सभी समाज के लोगों ने भाग लिया वहीं भाईचारा मजबूत करने पर बल दिया इस मौके पर पूर्व मंत्री शकील भारती सैफी, मंजूर सैफी, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी, अब्बासी समाज की चौधरी इलियास चौधरी अंसारी समाज से बुंदू खा अंसारी, सिख समाज से परविंदर सिंह इशू मलिक समाज से निजाम मलिक अल्वी समाज से फुरकान अली, सत्तार कुरैशी, सिद्दीकी समाज से हाजी जावेद, डॉ. जर्रार सिद्दीकी कारी शफीकुररहमान कासमी, अफ्फान कासमी, कय्यूम सैफी, दिलशाद सैफी, फिरोज सैफी, फैमुद्दीन जब्बार सैफी, रईसउद्दीन सैफी, आफताब सैफी, शाकिर सैफी, वसीम सैफी, युनुस सैफी, नसीम इकबाल सैफी, ननेह सैफी, शफीक सैफी, कारी शफीकुर्रमान ने दुआ कराकर प्रोग्राम का समापन किया।

### मेरठ में आयोजित होगा मेरठ खेल महोत्सव

# 23 से 25 मई तक होगा आयोजन

**मेरठ खेल महोत्सव में दिखेंगे खेल और राजनीति से जुड़े कई बड़े चेहरे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** रविवार पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज (आई.आई. एम.टी) में स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन मेरठ के बैनर तले खेल प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन के संस्थापक, नि. विशेष आमंत्रित सदस्य श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार नमन भारद्वाज ने करते हुए बैठक मे सम्मलित सभी खेल प्रतिनिधियों का फटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में हॉकी जिला संघ से रजनीश कौशल, फुटबॉल जिला संघ के सचिव वरिष्ठ फुटबॉल कोच ललित पंत, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सूबेदार उचित शर्मा, खो खो जिला संघ के सचिव अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अशोक त्रिपाठी, बास्केटबाल वरिष्ठ कोच ओंकार सिंह, रस्साकशी जिला संघ के सचिव खो खो कोच मनोज कनोंजिया, बैडमिंटन राष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष गुर्जर, सर्कल कबड्डी संघ के सचिव राहुल भाटी, वालीबॉल खिलाड़ी हिमांशु भारद्वाज, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भानु, टेनिस बाल क्रिकेट संघ जिला उपसचि. चव अखिल शर्मा, खो खो खेल से संजय भारद्वाज, वालीबॉल से चित्रंक, अंकित, स्पोर्ट्स इंचार्ज विनोद कुमार आदि बैठक में सम्मलित हुए। मेरठ खेल महोत्सव में आयोजित होंगे आठ खेल एक क्रॉस कंट्री, 8 खेलों में वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो खो, टेनिस क्रिकेट, रस्साकशी, कबड्डी, एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री आयोजित होंगे। महोत्सव मई माह में 23 से 25 मई में आयोजित होगा और जिसके ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण 15 अप्रैल से शरू होंगे जिसकी अंतिम 15 मई 2025 होगी। महोत्सव में पहले आओ पहले पाओ नियम के तहत पंजीकरण रखे जायेंगे। बैठक के अध्यक्ष नमन भारद्वाज एवं खेल प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से खेल महोत्सव आईआईएमटी विश्व. विद्यालय एवं एमएसबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित होंगे। महोत्सव में केवल मेरठ जिले के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे, महोत्सव ओपन ग्रुप में पुरुष एवं महिला वर्ग में आयोजित होगा।

# सुभारती डिफेंस एकेडमी में हुआ मेगा टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी में मेगा टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, भारतीय राष्ट्रीय सैन्य कॉलेज जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने बताया कि मेगा टैलेंट हंट परीक्षा में कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदित्य सिंह ने कक्षा 9वीं सीनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मनन धामा ने कक्षा 6वीं जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। प्रतिभागियों में यश अवनि, अदनान, आदेश, वंशिका, जतिन, ऋषिका, युवराज, दक्ष, देवान्श आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विशेष बताया कि सुभारती डिफेन्स एकेडमी द्वारा युवाओं को प्रेरित कर उन्हें देश की रक्षा सेवाओं से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से विद्यार्थियों को सेना में रोजगार हेतु एसएसबी, एनडीए, वायुसेना, नौसेना, सेना, तटरक्षक बल, अग्निवीर, पुलिस और अर्धसैनिक बलों आदि में प्रवेश के संबंध में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करके प्रशिक्षित किया जा रहा। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय रक्षा सेवाओं से जोड़ने का भी प्रयास है।



# डम्पर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत, 6 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** धौलाहेड़ी में तेज गति से दौड रहे एक अनियंत्रित डम्पर ने सवारियों से भरे एक ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में डेढ़ वर्षीय एक किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं ई रिक्शा चालक सहित छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम व घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया है।



मिली जानकारी के अनुसार दोपहर के समय गांव दूधगढ से एक ई रिक्शा सवारियां लेकर चिलकाना नगर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह दूधगढ़ वाले मार्ग से गंदेवड़ वाले मुख्य मार्ग पर बाहर निकला तभी दूसरी ओर से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित डम्पर ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा पलटने के बाद सडक पर काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे में ई रिक्शा सवार सभी सवारियां भी रिक्शा के साथ साथ घिसट कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों की चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे राहगीरो व आस पास के लोगों ने ई रिक्शा को सीधा कर उसमें फंसी सभी सवारियों को बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस को घटना की सुचना दी।

उक्त हादसे मे अपने माता पिता के साथ ई रिक्शा में सवार डेढ़ वर्षीय किशोर मुहम्मद शाद पुत्र हसीब निवासी ग्राम जीवनगढ़ थाना विक. ासनगर उत्तराखंड की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मृतक किशोर की माता नगमा भी गम्भीर घायल हो गई। उक्त दम्पत्ति दूधगढ़ अपनी रिश्तेदारी में आये हुए थे जहां से आज वह ई रिक्शा में सवार होकर अपने किसी रिश्तेदार के यहां चिलकाना नगर में जा रहे थे। इसके अलावा इसी हादसे में ई रिक्शा चालक गफ्फार पुत्र शकूर निवासी ग्राम दूधगढ़, सलमा पुत्री इमरान निवासी ग्राम दूधगढ़ सहित 5 सवारियां भी गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी ने बताया है कि टक्कर लगते ही डम्पर चालक मौके से फरार हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा डम्पर को कब्जे में ले लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के परि. जनों या अन्य घायलों की ओर से कोई तहरीर अभी नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## कवि सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित 6 दिवसीय वार्षिक रथ यात्रा महामहोत्सव के पांचवें दिन जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर श्री सुपार्श्वनाथ भगवान् का अभिषेक किया गया। शाम के समय अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का संच. ालन कवि पंकज अंगार ने किया।

कवि सौरभ भयंकर की कविता हर प्रतिमा खंडित है मानो करुणा के प्रतिमान की।शाख दांव पर लगी हुई है भारत के सम्मान की। हिंसा चोरी लूट धमाके चीख चीख कर कहते हैं।दुनिया को है बहुत जरूरत महावीर भगवान् की। कवि पंकज अंगार, कवि सजल जैन, कवि विनोद पाल, कवित्री श्रुति जैन श्री ने भी काव्य पाठ से लोगों के अंदर देश और धर्म के प्रति भावना को जागृत कर दिया।इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन महामंत्री निपुण जैन, अभिषेक जैन, शशांक मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस बूथ संख्या 392 पंजाबी कालोनी छुटमलपुर मंजू शर्मा एडवोकेट भाजपा नगर प्रभारी के निवास स्थान पार्टी कार्यालय पर, स्थापना दिवस आयोजित किया गया।

मंजू शर्मा एडवोकेट प्रभारी भाजपा द्वारा पार्टी कार्यालय को सजाया गया केम्प कार्यालय पर भाजपा का ध्वज अमित सैन मंडल अध्यक्ष मंजू शर्मा एडवोकेट नगर प्रभारी व बिजेंद्र शर्मा भाजपा कार्यकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया मंजू शर्मा एडवोकेट व अमित सेन मंडल अध्यक्ष छुटमलपुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दी गई। महिला शक्ति संगठन छुटमलपुर की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। मंजू शर्मा एडवोकेट प्रभारी भाजपा नगर पंचायत छुटमलपुर द्वारा आये सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को मिष्ठान व जलपान कराया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी, विजेंद्र शर्मा को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर मिष्ठान खिलाकर भाजपा जुवाइनीग करायी कार्यक्रम में मंजू शर्मा एडवोकेट प्रभारी अमित सैन मंडल अध्यक्ष समाज सेवी नीरज जैन हेमन्त सैनी, अंकूर सैनी, मेघराज सैनी, रवि कान्त सैनी, दिनेश शर्मा, सुमित कांबोज, डाक्टर अक्षय दीक्षित, रोहित सैनी,विशाल बंसल, मांगेराम शर्मा, महिला भाजपा कार्यकर्ताओं में बबीता धीमान, रेणु कांबोज, अंजू टांक, सुषमा कांबोज, तोषी शर्मा,बोबी कांबोज, बबीता कांबोज, मीनू देवी का सहयोग रहा।

# श्री रामनवमी पर हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीराम नवमी महोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका विभिन्न बाजारों में व्यापारियों ने स्वागत किया।

आज श्री रामलीला भवन चिलकाना रोड से प्रारंभ किया गया विद्वान पंडित द्वारा श्री गणेश महाराज एवं प्रभु श्री राम के ध्वज का आह्वान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया जिसका पूजन परशुराम के रथ सारथी डॉक्टर आर के गोयल एवं दिलीप मल्होत्रा द्वारा कराया गया तत्पश्चात भव्य शोभा यात्रा श्रीराम लीला भवन से प्रारंभ होकर जिसमें प्रभु श्री राम के ध्वजवाहक दिलीप मल्होत्रा प्रमुख समासेवी ध्वज लेकर चले पीछे-पीछे धार्मिक बैंड धार्मिक धुने बिखरते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख बाजारों रामलीला चौक, भगत सिंह चौक, मोरगंज चौक, फवारा चौक, नया बाजार, सराफा बाजार, हलवाई हट्टा, दीनानाथ बाजार, बड़तला यादगार से होते हुए पुणे श्री रामलीला भवन पर आकर विश्राम दिया गया शोभायात्रा में बैंडबाजे द्वारा धार्मिक धुनें बिखेरी गई जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में भव्य रूप से झांकी निकली गई जिसमें भगवान श्रीराम भगवान का अयोध्या धाम का भव्य मंदिर अपनी अलग छठा बिखेर रहा था। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम के रथ के सारथी डॉ आर. के. गोयल रहे। शोभायात्रा का भव्य स्वागत श्री रामलाल संपत्ति कमेटी श्री रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड एवं व्यापार मंडल, रामविला चौक, मोरगंज, कक्कड़ गंज, बाजार एसोसिएशन, पंजाबी मार्केट, सराफा बाजार, एसोसिएशन बर्तन बाजार हवाई अता के व्यापारियों कि संगठन द्वारा किया गया। शोभायात्रा में कमेटी के प्रधान परमेंद्र बंसल, उत्सव संयोजक प्रवीण कुमार ग्रोवर, महामंत्री राजकुमार नरूला, कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन अरोड़ा, उत्सव संचालक गोपाल दास, सहउत्सव संच. ालक रामी धवन, अंकुर गर्ग, मीडिया प्रभारी सनी शेट्टी, नवीन नागर, सुनील शर्मा, डिंपी, सचिन छाबड़ा, पंजाबी समाज के अध्यक्ष महेन्द्र तनेजा, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, महापौर डॉक्टर ए. के. सिंह, पूर्व महापौर संजीव बालियान, पूर्व विधायक संजय गर्ग, राजकुमार मक्कड़, पूर्व विधायक लाजकिशन गांधी, पूर्व अध्यक्ष हरीश मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पंडित जे नाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण पाली, विवेक दुआ, त्रिलोक चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई आदि प्रमुख रहे।

**बेहट।** कस्बे में रामनवमी का पर्व हषोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मनमोहक झांकियो और बैंड बाजों के साथ कस्बे के विभिन्न मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली गई।



आज कस्बे के मौहल्ला महाजनान मे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित रामनवमी महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मंत्री संजय गर्ग और पूर्व विधायक नरेश सैनी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सबके आदर्श है। कहां कि भगवान राम ने हमेशा बुराई के मार्ग से बचने और अच्छाइयों पर चलने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शो पर चलकर हम सबको अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान, ,सभासद मास्टर जमील अहमद, अभय राणा ने भी संबोधित किया। इस मौके अनिल सिंघल, संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी,सुनील कुमार उर्फ बिट्टू, मोहित जैन, सभासद सत्यप्रकाश रोहिला, चौधरी विश्वास प्रमुख, अवनीश अग्रवाल, राकेश गाबा, अनिल सिंघल,वशिष्ठ गुप्ता,सुधीर कर्णवाल, आशु गर्ग, अजय कुमार सिंघल, ललतेश गर्ग, प्रदीप प्रधान, दीपक सिंघल, दिनेश सिंघल, हरिश कौशिक, अंकित नौटियाल सभासद,मुर्तजा राही दीपक सिंघल,अंशुल सिंघल,देवेंद्र गुप्ता,मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद कस्बे में विभिन्न मनमोहक झांकियो और बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीष चंद, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह भारी सुरक्षा कर्मियों के साथ मौजूद रहे।

**नकुड़।** श्री राम जन्मोत्सव नगर में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य झांकीयों के साथ शानदार शोभायात्रा निकाली गई। जिसने नगर वासियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न बाजारों से गुजरती हुई श्रद्धालुओं के दिलों को छू गई।



शोभायात्रा की शुरुआत पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी के आवास के पास से हुई। इस शुभ अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंघल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जबकि पूर्व चेयरमैन धनीराम सैनी और ललिता सैनी ने आरती करके शोभायात्रा का पवित्र आरंभ किया। इस शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी के साथ-साथ राधा-कृष्ण, भोलेनाथ, हनुमान जी और ऊंट की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। गुरुकुल झरौली के छात्रों ने अपने रंगारंग प्रदर्शन से शोभायात्रा में चार चांद लगाए। जिससे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। नगर पालिका प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित किया और पूरे नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए छिड़काव कराया। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती ताकि शोभायात्रा शांति और सौहार्द के वातावरण में पूरी हो सके। इस शानदार मौके पर राम जन्मोत्सव समिति के प्रधान जगमाल सैनी, अधिवक्ता अजय गर्ग, सचिन शर्मा, डॉ. हरिदत्त शर्मा, सुरेश गोयल, शशांक गुप्ता, प्रदीप धनगर, नितिन कर्णवाल, आयुष मित्तल समेत सैकड़ों श्रद्धालु लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस शुभ अवसर को भव्य बनाया। पूरे नगर में इस शोभायात्रा ने धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया गया।



**चिलकाना।** नगर में सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में श्री राम नवमी महोत्सव शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां धार्मिक धुन पर बजाते बैंड बाजे सभी को अपनी और आकर्षित कर रहे थे।

रविवार को नगर चिलकाना में सनातन धर्म सभा के नेतृत्व में श्री रामनवमी महोत्सव शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा शिव मंदिर मेंन बाजार से आरंभ होकर मेंन बाजार चिलकाना, बस स्टैंड चिलकाना, मोहल्ला गढ़ी, निचला बाजार होते हुए शिव मंदिर मेन बाजार पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर भगवान श्री राम की प्रतिमा लेकर बैठने का सौभाग्य वरिष्ठ समाज सेवक जय नाथ शर्मा व उद्योगपति पवन सिंघल को मिला।

शोभायात्रा में धार्मिक झाकियाँ व धार्मिक धुन पर बजते बैंड बाजे व रथ के सामने नृत्य करते समाज के लोग सभी को अपनी और आकर्षित कर रहे थे। इस अवसर पर शोभायात्रा में नगर सभासद राजीव सिंघल, नगर सभासद अनुपम जैन, बालकिशन शर्मा, पंडित अनिरुद्ध शर्मा, राजीव गुप्ता,सीटू गुप्ता, अजय जोहरी, संजय सिंघल, सोनू सिंघल, शिवनाथ शर्मा, गौतम गुप्ता, राकेश ऐरन, जगपाल रोहिला, आयुष रोहिला, पिंकी गुप्ता, जगपाल उपाध्याय, भूषण गुप्ता, सन्नी अरोडा, सचिन रोहिला, डॉ कुलदीप सिंह, सन्नी भटनागर आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कस्बा नकुड़ में रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में रामलीला महोत्सव का शुभारंभ रामलीला भवन में गणेश वंदना कर नारद मोह की लीला के साथ आरंभ किया गया।

शनिवार की रात्रि पंडित विपिन शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजन करते हुए महोत्सव समिति के प्रधान हरीश गर्ग, महामंत्री वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र नारायण को तिलक लगाकर मंगल कामना की। श्री राम जन्म से जुड़े महोत्सव के रूप में होने वाली रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, नवीन चौधरी, प्रदीप भाकला, राजकुमार प्रजापति द्वारा गणेश पूजन कर फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने बालाजी के चित्र का अनावरण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में शिवकुमार गुप्ता ने कहा की रामल. ीला भारतीय दर्शन एवम इतिहास की एक महत्वपूर्ण विधा और धार्मिक आयोजन है, जिसके माध्यम से हमें भगवान राम के आदर्श जीवन की प्रेरणा मिलती है। श्री रामलीला मंचन के प्रथम दिन नारद मोह मंचन में दिखाया गया की नारद जी को अपनी तपस्या पर अहंकार हो जाता है, तथा वे कामदेव को भी अपने वश में कर लेते हैं। मंचन को देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और संपूर्ण वातावरण श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

डॉक्टर प्रदीप धनगर ने नारद मुनि का सशक्त अभिनय किया। अंत में प्रथम दिन के मंचन का समापन भगवान विष्णु की आरती से किया गया। रामलीला महोत्सव समिति के संरक्षक मनोज गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जैन, राजेश जैन राजू ने बताया कि रविवार को दिन में भगवान राम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में श्री राम शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# गोमाता की पूजा पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** चैत्र नवरात्रि के नौवें और अंतिम दिन का बेहद विशेष महत्व होता है। इस पावन दिन को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा का अवसर माना जाता है। मां सिद्धिदात्री को विद्या मोक्ष और सभी प्रकार की सिद्धियों की प्रदाता माना जाता है।

इस अवसर पर श्रद्धालु विशेष तरह की पूजा अर्चना कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसी संदर्भ में, वरिष्ठ समाजसेवी और गौसेवक अनिल सैनी ने गौ माता की पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवमी के दिन गौ माता की पूजा करने से मां जगदंबा प्रसन्न होती हैं। जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। धार्मिक ग्रंथों में लिखा है कि गौ माता को अर्पित किया गया भोग और सेवा, भगवान की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम उपाय है। गौ माता का दूध, घी, गोबर और मूत्र भी पवित्र माने जाते हैं। जो मानव जीवन को शुद्धता और आध्यात्मिक लाभ प्रदान करते हैं। नवमी के पावन अवसर पर कान्हा गौशाला नारायणपुर में गौ माता की विशेष पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के कई भक्तगण व ग्रामीण श्रद्धालु एकत्र हुए। जिन्होंने श्रद्धा भाव से गौ माता की पूजा की। पूजा के दौरान गौ माता को ताजे फलों, हलवा पूरी, सोयाबीन, शक्कर, तिल, चोकर और केले का भोग अर्पित किया गया। इन पवित्र वस्तुओं को विशेष रूप से गौ माता के लिए तैयार किया गया। जिससे उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके। पारंपरिक श्रद्धा के तहत गौ माता को ताजा हरा चारा भी खिलाया गया। जो उनके स्वास्थ्य और पोषण के लिए आवश्यक है। हरा चारा खिलाने से गौ माता को ताजगी और ऊर्जा का अनुभव होता है। साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। इसके अलावा, गौ माता के चरणों में आशीर्वाद के प्रतीक के रूप में फूलों की मालाएं अर्पित की गईं और भक्तों ने गौ माता के चरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया।

# कार व बाइक की टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** शाहजहांपुर से चिल. काना जाने वाले मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने कार व बाइक सवार के टक्कर मारी जिसमे एक बाइक सवार की मौत दूसरा घायल हुआ व कार मे बैठे पिता पुत्र सहित तीन घायल हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

मामला शनिवार रात करीब नौ बजे का है जब शाहजहांपुर चिलक. ाना मार्ग पर पुलिस को हैदरपुर के समीप एक कार एक बाइक ओर करीब पांच लोग सड़क पर पड़े होने की सूचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस को बाईक के समीप सिर कुचला व्यक्ति व एक घायल तथा कार मे सवार चिलकाना निवासी अलीशेर पुत्र महफूज,वसीम पुत्र महफूज व महफूज पुत्र गफूर घायल मिले पुलिस शव को कब्जे मे ले सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया मृतक की पहचान शाहज. हांपुर निवासी करीब तीस वर्षीय मिथुन पुत्र रामपाल व घायल साथी सुनील पुत्र रामपाल के रूप मे हुई। चौकी प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

घायल बाईक चालक सुनील पुत्र रामपाल निवासी शाहजहांपुर की ओर से अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर दी गई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख कानूनी कार्रवाई शुरू की।

# दंडवत यात्रा करते जनपद पहुंचे सोनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** कहते हैं आस्था से बड़ी कोई चीज नहीं है. ऐसे ही आस्था को लेकर फेमस यूट्यूबर सोनू माली 44 दिन पहले चंडीगढ़ से केदारनाथ के लिए दंडवत यात्रा प्रारंभ कर आज उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर सरसावा बार्डर पर पहुंचे। खास बात ये है कि उनके फैंस दूरदराज से उनसे मिलने आ रहे है।वही उनके साथ उनके तीन दोस्त बैकअप टीम के रूप में उनके साथ है।



रविवार सुबह दण्डवत यात्रा के 44 वे दिन चंडीगढ़ हरियाणा पार कर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर सरसावा बार्डर पर पहुंचे फेमस यूट्यूबर सोनू माली ने बताया कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए मैने इससे पहले भी चारों धाम, एवं संपूर्ण भारत के 12 ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी, प्रयागराज महाकुंभ खाटू श्याम,सहित हजारों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चुके है।मेरी सबसे बड़ी पैदल यात्रा पिछले वर्ष रही थी जिसमें मैने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भर कावड़ उठाकर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए थे,हालांकि हमारी यात्रा सुरक्षा रिजनों का हवाला देते हुए बाल टान में रोक दी गई थी। जिसके बाद मेरे एक मित्र ने पवित्र गंगाजल अमरनाथ धाम में चढ़ा दिया था।इस बार बाबा केदारनाथ की दंडवत यात्रा कर रहे है जो सावन माह के समीप पूरी होगी।उन्होंने बताया कि आसाम ,हिमाचल,एवं यमुनानगर निवासी उनके तीन दोस्त विश्वजीत, गौरव राम ,शिखा बैकअप टीम के रूप में उनके साथ है। इसके अलावा हरियाणा उत्तराखंड एवं आसपास के उनके फैंस भी रास्ते में मिलने आ रहे है।

**सूचना**

मेरे पति अफजाल के पासपोर्ट में मेरा नाम हसीबा दर्ज है जो कि घरेलू नाम है मेरा सही नाम सदफ़ है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सदफ़ पत्नि अफजाल निवासी ग्राम कपूरी पोस्ट धौराला, थाना व तहसील नकुड, जिला सहारनपुर।**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**

**ई-निविदा सूचना**

**निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।**

01/डब्लू/2025-26 :- वि.विउप.ख. आई.टी.आई. के कार्यक्षेत्र मे पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (धरोहर राशि रु. 10000.00)

02/डब्लू/2025-26:- वि.वि.ख. द्वितीय के कार्यक्षेत्र में 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रो पर स्थापित वी.सी.बी. की अर्थिंग का कार्य। (धरोहर राशि रु. 1750.00)

उपरोक्त अल्पकालीन ई-निविदा खुलने की दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 13.00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 14:30 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा मे यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टैण्डर वैबसाईट www.pvvnl.org तथा निगम की वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय**
**सहारनपुर**

राष्ट्रीय हित में बिजली बचाऐं

पत्रांक 52/वि.वि.म.द्वितीय/स.पुर/ निविदा दिनांक 04/04/25

# सभी को मिलनी चाहिए शिक्षा: कुलवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कुलवीर चौहान ने कहा कि शिक्षित बच्चे भारत को अधिक विकसित और सक्षम बनाएंगे।इसलिए सभी को शिक्षा मिलनी चाहिए।



क्षेत्र के गाँव तुरमत खेड़ी के प्राथमिक विद्यालय में विदाई एंव परीक्षा फल वितरण समारोह में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया।प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री कुलवीर चौहान, डॉ राक. ेश पंवार, सुनील सैनी, राज्यपाल पुरस्कृत जयपाल, ने बच्चों को पुरस्कार दिये।प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कुलवीर चौहान ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।

राज्यपाल पुरुस्कृत जयपाल ने कहा कि शिक्षा सही मायने में जीवन को भलीभांति जीना सिखाती है। स्कूल के प्रधानाद्यापक मलिक परवाना ने कहा कि स्कूल के स्टाफ और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम सुखद है।इस अवसर पर चौधरी कलली, चौधरी जाकिर, चौधरी जुबैर, चौधरी मुनव्वर, चौधरी कययूम, चौधरी अमजद, डा राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, संदीप कुमार, आदि उपस्थित रहे। मनोज कुमार सहायक अध्यापक, कुलदीप कुमार सहायक अध्यापक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी जाकिर पहलवान व संचालन प्रधानाध्यापक मलिक प्रवाना ने किया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के बाजार वाले श्री शिव मंदिर में अखंड श्री रामचरितमानस पाठ का समापन धार्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं भंडारे के साथ हो गया।

श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में हो रहे श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ के समापन पर पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, सुधीर कुमार जैन, राजपाल सैनी, धर्मपाल गुप्ता व हुकुमचंद सैनी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने कहा कि श्री सत्संग मंडल द्वारा की जाने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एक सुंदर आयोजन है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय-समय पर होती रहनी चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का भौतिक विकास होता है। तीन वर्गों में हुई उक्त प्रतियोगिता में वर्ग अ में अदम्य जैन, यश बर्मन, वीर सैनी, वैष्णवी तथा भूमि सैनी ने पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ग ब में वैदिका सैनी, अंशुमान बाठला, लक्ष्मी सैनी, अथर्व गुप्ता, अक्षिता सैनी तथा वर्ग सी में मान्यता गुप्ता, वृंदा सैनी, अक्षरा, वंश प्रजापति, विशाल तोमर ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान सत्संग मंडल के संरक्षक श्याम सैनी, अध्यक्ष शि. वनंदन शर्मा, गौरव गुप्ता, नीलकमल गुप्ता, आशू सैनी, नलनीश कुमार, डॉ दीपक सैनी, शिव कुमार सैनी, निशांक जैन, डा. हुक्म सिंह, दिनेश कुमार, सौरभ आदि रहे।

# झांकियों को देख सभी ने सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कश्यप समाज कार्यकारिणी के तत्वाधान में भगवान महर्षि कश्यप जी के वार्षिक उत्सव के मौके पर आकर्षक झांकियों व बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।



मौहल्ला इकराम स्थित मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कश्यप समाज की कार्यकारिणी सहित समाज के लोगों ने प्रात: पूजन किया और हवन कुंड में आहुति दी। ततपश्चात आयोजित भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर बाद मंदिर परिसर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में भगवान शिव पार्वती व भगवान महर्षि कश्यप के जीवन से ओतप्रोत झांकियां और अन्त में महर्षि कश्यप का दरबार दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना था। यात्रा कस्बे के विभिन्न स्थानों से होते हुए देर शाम मंदिर में पहुंची जहां पर आरती व प्रसाद वितरित कर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान कश्यप कार्यकारिणी सहित समस्त समाज का सहयोग रहा।

# गौशाला बनी शमशान घाट, चार दिन में 6 गौवंशों की मौत

## विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण गौशाला की स्थिति बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** जनपद में स्थित बदरखा गांव की गौशाला में गोवंशों की स्थिति बेहद दयनीय है। यहां चार दिनों में छह गोवंशों की मौत हो चुकी है। गौशाला में न तो हरा चारा है और न ही पानी की उचित व्यवस्था। गौवंशों की बदहाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

ग्राम पंचायत बदरखा की गौशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए चार केयरटेकर नियुक्त हैं। लेकिन मौके पर कोई भी मौजूद नहीं मिला। दो मृत बछड़े खुले में पड़े हैं, जिनका तीन दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। राज्य सरकार गौशाला के उपर काफी खर्च कर रही है उसके पश्चात भी बदरखा की गौशाला मे गौवंशो की हालत बदहाल है। पूर्व में भी गौवंशों की बदहाली का एक वीडियो वायरल हो चुका है लेकिन इसके बाद भी आजतक बदरखा गांव की गौशाला की स्थिति मे सुधार नही हो पाया है। वायरल वीडियो में गौशाला में कई गौवंशो के शव क्षतविछत अवस्था में पडे हैं। जिनको कुत्तों ने भी नोच रखा है। वीडियो वायरल होने पर गौवंश प्रेमियो में काफी आक्रोश पनप रहा है। तेज धूप में कई गायें और बछड़े बेहोशी की हालत में पड़े हैं। प्यास से तड़पते कई गोवंशों ने गौशाला में पढे-पढे ही दम तोड़ दिया। विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण गौशाला की स्थिति बिगड़ी है। प्रदेश सरकार गोवंशों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से गौशालाएं बनवाई जा रही हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से योजना का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बड़ौत के एसडीएम मनीष यादव का कहना है कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।





# तीन साल से बनकर तैयार है कॉलिज, शिक्षण कार्य से वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव बिलोचपुरा में एक कन्या इंटर कॉलेज 3 साल से बनकर तैयार है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण आज तक इसमें कोई शिक्षण कार्य शुरू नहीं किया गया जो वाकई बहुत दुर्भाग्य की बात है। इस क्षेत्र की ना जाने कितनी लड़किया इस स्कूल के शुरू ना हो पाने के कारण आठवीं पास करने के बाद ही अपने घर बैठ गयी।

करोड़ो रुपया खर्च होने के बाद भी प्रशासन शांति से बैठा हुआ है ओर क्षेत्र की समस्या भी जस की तस है। नया वित्तीय वर्ष व शिक्षण सत्र भी शुरू हो चुका है। ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के कई बार मांग करने के बाद भी आज तक जिला प्रशासन से कोई उचित जवाब नहीं मिल पाया। इसी सिलसिले में जिला प्रवक्ता, किसान मजदूर संगठन बागपत, परवेज अहमद के नेतृत्व में व दिलशाद प्रधान बिलोचपुरा की अध्यक्षता में गांव बिलोचपुरा के जिम्मेदार लोगो से एक बैठक हुई जिसमे तय हुआ कि अगर प्रशासन 21 अप्रैल 2025 तक इसका कोई उचित जवाब नहीं देता है तो किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक के नेतृत्व मे इसके लिए एक बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में इदरीस खान, साजिद, इकबाल, हाजी कादर, हाफिज अलीमुद्दीन, हाजी सलाउद्दीन, हाजी अनीस, यामीन, महताब, यूनुस, इमरान खान, मास्टर रियाजुद्दीन, सावेज, विजेंद्र, अनिल, सोनू बेदी आदि मौजूद रहे।



# सिरसली के शहीद राकेश को दी नम आंखों से श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के सिरसली गांव में रविवार को हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में गत 15वर्ष पूर्व आतंकियों के हमले में शहीद हुए राकेश कुमार को अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारियों व ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सिरसली गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र विजेंद्र 62 बटालियन में तैनात रहते हुए 6 अप्रैल 2010 को दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ में आतंकियों के हमले में शहीद हो गए थे। उनके पैतृक गांव में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आरएएफ नोएडा के सहायक कमांडेंट राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि देश के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले वीरों को भुलाया नही जा सकता। राकेश ने भी बलिदान देकर गांव व जनपद का गौरव बढ़ाया है। ग्रुप केंद्र नोयडा के एसआई राकेश शर्मा, गोपाल सिंह एस एस बनर्जी आदि ने स्वजन व गणमान्य ग्रामीणों के साथ बलिदानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान यशपाल, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र, सन्नी, देवी सिंह, ओमवीर, ओमप्रकाश निरंकार उम्मेद आदि मौजूद रहे।



# अधिवक्ताओं के सम्मान में किया सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, बड़ौत ने अपनी स्थापना के 10 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बागपत के अधिवक्ताओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल विद्यालय की प्रगति का प्रतीक बना, बल्कि समाज के शिक्षित वर्ग के साथ संवाद और समन्वय का एक प्रेरणादायक मंच भी सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत कुमार ने की। शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक और सौम्य बना दिया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हंस कुमार जैन, प्रबंधक बिजेंद्र कुमार जैन, समिति सदस्य अनुज जैन, अंकुर जैन, ऋषभ जैन, अक्षत जैन आदि ने अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बागपत के अध्यक्ष नीरज सिंह सहित कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडवोकेट नरेंद्र पाल शर्मा, एडवोकेट जसपाल सिंह राणा, एडवोकेट देवेंद्र आर्य, एडवोकेट विजय पाल सिंह तोमर, एडवोकेट सुभाष सिंह, एडवोकेट राहुल चौधरी, एडवोकेट अजय शंकर शर्मा, एडवोकेट नरेंद्र सिंह मान, एडवोकेट आयुष गुप्ता, एडवोकेट दीपक जैन, एडवोकेट मोइद्दीन, एडवोकेट देवेंद्र धामा, एडवोकेट अभिनव सिंह, एडवोकेट अंकित लपराणा, एडवोकेट रविंद्र सिंह राठी, एडवोकेट भीम पवार एवं एडवोकेट संजय तोमर शामिल रहे।




## एक नजर

### पुलिस ने चोरी का खुलासा कर चोरी हुए आभूषण व नकदी की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** एक पखवाड़े पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए थाना पुलिस ने सोने व चांदी के गहनों सहित नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बता दें कि गत 22 मार्च को वादी मुफ्ती रगीब प्रवेज पुत्र जब्बार निवासी ग्राम हिलवाड़ी हाल निवासी मौ.पठानकोट ने लिखित तहरीर दी कि, 21 मार्च को किसी अज्ञात चोर द्वारा मौ पठानकोट बड़ी मस्जिद कस्बा बड़ौत से वादी के कमरे में लगे ताले तोड़कर तथा उसमें रखी अलमारी का भी ताला तोड़कर , उसमें रखे सोने व चाँदी के आभूषण तथा 28500 रुपये की चोरी कर ली है। थाना पुलिस द्वारा उक्त चोरी का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी की हुयी एक जोड़ी पायल ,3 अंगूठी, एक जोडी चुटकी, एक गले का हार, एक जोडी झुमके , 1350 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल हीरो स्प्लेन्डर प्लस बरामद हुई है। घटना का खुलासा करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उमर फारुख पुत्र तौसिन निवासी ग्राम कुलन्जन थाना सरधना जनपद मेरठ का रहने वाला है।

### जनता दरबार लगाकर अपर जिलाधिकारी ने सुनी जन शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम द्वारा क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया। शिकायतों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

शनिवार को एडीएम पंकज कुमार द्वारा लोगों की शिकायतें सुनी गई। शिकायतों में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी, जल भराव, बिजली कटौती, अतिक्रमण, निर्माण में देरी, राशन वितरण में धांधली, चकबंदी आदि की समस्याएं रही। इसके अलावा आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई में की जा रही देरी पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र जांच कर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अतुल कुमार रघुवंशी, बीडीओ ज्योति बाला, नगर पालिका जेई शिखा दुबे, एसडीओ सिंचाई एसपी सिंह आदि रहे।

### मदरसे में धार्मिक जलसे का आयोजन कर की अमन चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शनिवार को बिजरौल गांव के जामिया इस्लाहुल मुसलमीन मदरसे में एक धार्मिक जलसे का आयोजन किया गया जहां पर मौलानाओं ने अपने मजहब एवं दीन के बारे में तकरीर पढ़ी। वहीं अमन और चैन के दुआ मांगी। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही।

जलसे के दौरान मुफ्ती अयूब व मौलाना साबिर ने मजहब एवं दीन के बारे में अपनी तकरीर पढ़ी। इसके बाद जलसे में विभिन्न शहरों से आए मौलानाओं ने दुनिया के लिए अमन व चैन की दुआ मांगी। कहा कि दुनिया में हमेशा शांति रहनी चाहिए। उन्होंने आपसी भाईचारे का भी संदेश दिया। जलसे में दूर दराज से मुस्लिम समाज के लोगों के अलावा हिंदू समाज के लोगों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मदरसे में पढ़ने वाले आठ विद्यार्थियों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर कारी तालिब, आकिब जैनुद्दीन, मोहम्मद आसिफ, मौलाना मोहम्मद अकील ने विचार रखे। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद राशिद देवबंद, मौलाना अलीम, कारी कासिम बागपत, मुफ्ती खालिद फूंस वाली मस्जिद, यशपाल चौधरी, गौरव बड़ौत, विक्रम आर्य, विपिन ढिकाना व संजीव आदि उपस्थित रहे।

### शौचालय टैंक में गिरा सांड, गौसेवकों ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र की पट्टी मादान में एक आवारा सांड शौचालय निर्माण के लिए बनाए गए टैंक में गिर गया। घटना शनिवार की देर शाम की है। स्थानीय निवासी हरपाल अपने मकान में शौचालय का निर्माण करा रहे थे। मकान के बाहरी छोर पर शौच टैंक बनाया जा रहा था। अचानक एक आवारा सांड इस टैंक में गिर गया। इससे परिवार और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सांड को बाहर निकालने का प्रयास किया। देर रात तक प्रयास जारी रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद गोसेवक वासु मोहित को सूचना दी गई। रविवार को गौ सेवक वासु और मोहित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी मशीन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। कई घंटों की मेहनत के बाद सांड को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोसेवकों ने सांड का तुरंत उपचार भी कराया। बचाव कार्य के दौरान सुमित, सारंग, अमित, पप्पू सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# रामनवमी के अवसर पर नगर में निकाली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में बड़ौत नगर मे जनता वैदिक इंटर कॉलेज में रामनवमी के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितिन गोस्वामी जिला मंत्री ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी कविंद्र तोमर ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित राणा सुधीर मान रहे।

यह शोभायात्रा जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में शुभारंभ की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज. कुमार डूंगर ने कहा कि भगवान राम के जीवन को आत्मसार कर हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। संपूर्ण मानव जीवन भगवान राम के जीवन की प्रेरणा लेकर हम उनके जीवन को आत्मसार करें भगवान राम के जीवन में समरसता पिता की आज्ञा भाई का प्रेम आदि अनेकों ऐसे कथानक है जिसे हम अपने समाज जीवन में जिस प्रकार का हमें व्यवहार करना चाहिए उस प्रकार का भगवान राम ने पिता की आज्ञा से जी पुत्र का पूर्व राज्य अभिषेक होना था। पिता की आज्ञा से 14 वर्ष वनवास जाना स्वीकार किया यह पिता की आज्ञा का प्रतीक है। उन्हें कहा कि राम नवमी यात्रा पूरे भारत वर्ष में हर वर्ष बहुत हर्षोल्लास के साथ निकाली जाती है। इस वर्ष बड़ौत नगर में भव्य यात्रा का आयोजन किया गया है। बड़ा ही हर्ष का विषय है शोभा यात्रा का प्रारंभ जनता जनता वैदिक इंटर कॉलेज से शुरू होकर अग्रसेन मूर्ति गांधी रोड अतिथि भवन संजय मूर्ति आदि मुख्य मार्ग से होकर गयी। सभी मुख्य स्थान पर व्यापारियों द्वारा पुष्प की वर्षा की गई साथ के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाते रहे। इसमें सभी हिंदू समाज वह माताएं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



# गांव की सुख शांति के लिए किया सामूहिक यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के गाँव लुहारी में लगातार हो रही नवयुवकों एवं ऐसे में जनहानि से की दुर्घटना एवं असमय जनहानि मौत से परेशान होकर समस्त ग्रामवासियों एवं शहीद भगतसिंह क्लब के युवाओं ने मिलकर मैंने बाज़ार चौक ग्राम लुहारी में एक वैदिक सामूहिक सर्वजातीय विधि विधान द्वारा वैदिक सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया।

गाँव की सुख शांति एवं हो रहे नुकसान को दैविक एवं भौतिक आपदा मानते हुए समस्त ग्रामवासियों ने हवन का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा कि आज कल हम अपनी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। पहले साप्ताहिक मासिक वैदिक यज्ञ हुआ करते थे। दान पुण्य भंडारा किया करते थे। अब आधुनिकता भरी दौड़ भाग में वैदिक कर्म कम हो गए हैं। हमें ऋषि मुनियों एवं प्राचीन सभ्यताओं को संस्कृतियों को नहीं छोड़ना चाहिए। आदर्श जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डा.संजीव आर्य ने कहा कि यज्ञ हवन से धर्म कार्यों से बड़े से बड़ी कठिनाई समस्याओं को भी टाला जा सकता है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी नेभी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में आचार्य योगेन्द्र शास्त्री द्वारा यज्ञकर्म कराया गया। शहीद भगत सिंह क्लब के कुलदीप सिंह दांगी,अनिल कुमार, अजीत सिंह एडवोकेट, मा. संजीव कुमार, अशोक कुमार मेडिकल, जयपाल सतपाल दौला, कृष्णपाल, भीम सिंह, तेजपाल सिंह संसार सिंह, वीरेंद्र सिंह दरोगा, महिपाल सिंह, हरिंद्र दांगी किसान यूनियन, रमेश शर्मा, बालेश्वर दयाल शर्मा, बबलू सिंह, आदि मौजूद रहे।



# ग्रामीणों ने समाज की एक लडकी की शादी में सहयोग कर दी भाईचारे की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर भाई चारे की मिसाल को कायम किया है। बीते एक वर्ष पूर्व मे ग्रामीणों ने एक हिन्दू समाज की गरीब लडकी की शादी आपस में मिलजुल कराई और लडकी की शादी का पूरा खर्च भी उठाया था। रविवार को भी लूम गांव के ग्रामीणो ने एक मुस्लिम समाज की एक लडकी की शादी मे भाई चारा दिखाते हुए उसकी शादी मे सहयोग किया।

जानकारी के अनुसार लूम गांव की एक मुस्लिम समाज की लडकी की शादी का दिन 6 अप्रैल का रखा गया था। लडकी का पिता लगभग 14 वर्ष पूर्व दुनिया से गुजर गया था जिसके चलते परिवार के सामने आर्थिक संकट बन गया था। लूम गांव निवासी सालिम बीडीसी संजीव प्रदीप मास्टर विजेंद्र सिंह आदि को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होने लडकी के घर पर जाकर उसने बात चीत की तो उन्होंन बताया कि हमारे पास पर्याप्त रूप से इतने पैसे नही है जिससे हम अपनी लडकी की शादी मे जरूरत का सामान लडकी को दे सके। यह सुनकर एक टीम बनाई और ग्रामीण को सहयोग करने की बात कही। कुछ लोगो के पास जाकर उनको इसकि जानकारी दी तो गांव वालो ने भाई चारा दिखाते हुए भरपुर सहयोग किया और लडकी की शादी मे जरूरत का सामान दिलवाया। इस नेक कार्य में ग्राम प्रधान बहादुर सिंह ,छपरौली थाना अध्यक्ष देवेश कुमार, बबलू ठेकेदार ,सालिम बीडीसी, हाजी इकरामुद्दीन, निटू बीडीसी, संजीव ,परोपकार ,उपेन्द्र, मनीष , जेवीर ,प्रदीप मास्टर, विजेंद्र सिंह, शोकिन,आदित्य ,बबला डीलर, इज़्ज़ार मास्टर, सुनील डीलर, आदि गांव वालो का भरपूर सहयोग रहा। ग्राम प्रधान बहादुर सिंह प्रधान ने कहा की यदि गांव मे ऐसे ही सहयोग से गरीब लडकी की शादी की जाए तो किसी भी गरीब परिवार के लिए बच्ची की शादी करना मुश्किल नही होगा।



# चैत्र नवरात्रि रामनवमी के अवसर पर किया कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि रामनवमी कन्या पूजन किया गया। जगह-जगह कन्याओं को भोजन कराकर सभी श्रद्धालुओं ने रविवार को अपना उपवास खोल दिया। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मस्तक झुकाकर अपनी मन्नत मांगी। सुबह सवेरे शुभ मुहूर्त के साथ कन्याओं को भोजन कराया गया। कन्याओं को चुनरी भेंट करते हुए श्रद्धालुओं ने सभी को प्रसाद का वितरण किया। हलवा पूरी चने यह प्रसाद के साथ जगह-जगह भंडारे भी किए गए। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन यानी रामनवमी पर देवी सिद्धिदात्री मां की पूजा अर्चना की गई व सुख शांति के लिए जगह-जगह यज्ञ हवन किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर छूकर गंगाजल सेवा की।



# कहरका गाँव में कबड्डी प्रीमियम लीग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कहरका गाँव में कबड्डी प्रीमियम लीग का आयोजन रविवार को दिन-रात के रोमांचक प्रारूप में शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में केटी भैया शामिल हुए, जिनका गाँव वालों ने साफा बांधकर भव्य स्वागत किया। टूर्नामेंट में दो वजन श्रेणियों 45 किग्रा और 60 किग्रा में मुकाबले आयोजित किए गए।

मुख्य अतिथि केटी भैया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के प्रति जुनून और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने आयोजन समिति को इस तरह के टूर्नामेंट को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी टीमों को शुभकामनाएँ दीं। 45 किग्रा वर्ग में कहरका-ए ने ककरोला को हराकर जीत हासिल की। वहीं बजरंगबली क्लब और जेपी साधपुर के बीच हुए मुकाबले में जेपी साधपुर विजयी रहा। वीर सावरकर ने एससीएफ अकादमी को मात देकर जीत दर्ज की।

60 किग्रा वर्ग में रेशम रामनगर ने केटी विंग को हराकर शानदार जीत प्राप्त की। शामली और सुन्हेड़ा के बीच हुए मुकाबले में सुन्हेड़ा विजेता बना। वहीं थाना भवन ने दादा देव दिल्ली को पराजित कर जीत अपने नाम की। और सिरोही स्पोर्ट्स ने शिवा शेडपुर को हराकर मुकाबला जीता। इस अवसर पर केटी विंग से रामअवतार (चेयरमैन), हम्बीर सिंह, विशाल चौधरी, शक्ति सिंह, कृष्ण पांचाल, मांगे राम त्यागी, सूरज पांचाल, टिंकू पांचाल और मोहित पांचाल मौजूद रहे। यह टूर्नामेंट गाँव में खेल भावना को बढ़ावा देने और युवाओं के उत्साह को प्रज्वलित करने का एक शानदार मंच साबित हुआ।



# शराब का ठेका खोले जाने पर विवाद, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र के गांगनौली गांव में अंग्रेजी शराब और बियर का ठेका खोले जाने का विवाद गहरा गया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित ठेके से महज 150 मीटर की दूरी पर सूर्य मंदिर और शिव मंदिर स्थित हैं। साथ ही यह स्थान आबादी क्षेत्र के बेहद नजदीक है। उनका आरोप है कि लगातार विरोध के बावजूद जबरन ठेका खोला जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेके के कारण क्षेत्र का माहौल खराब होगा। शराब खरीदने आने वाले लोग अक्सर झगड़ा करते हैं और ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटनाएं होती हैं। इससे छात्र-छात्राओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शन में सुरेश राठी, मनोज राठी, गजेंद्र राठी, सत्येंद्र राठी समेत कई पुरुष और महिला ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि वे किसी भी स्थिति में ठेके को नहीं खुलने देंगे। इस मामले में बड़ौत के एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेका केवल मानकों के अनुरूप ही खोला जाएगा।



# ट्रक से उतारकर दो युवकों से मारपीट और लूटपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ट्रक सवार खंडलाना जिला सहारनपुर निवासी दो मजदूर युवको के साथ मारपीट करते हुए पॉच हजार की नगदी लूटने की घटना से हडकम्प मच गया। आरोप है कि आरोपी युवको की बाइक सडक के बीचोबीच खडी थी, जिसको ट्रक सवार युवको ने विरोध किया,जिस पर आरोपी युवको ने अपने साथियों को बुला लिया और सरेराह मारपीट की गई।घटना मे युवको को गम्भीर चोटे आई है। पीडितो ने पुलिस को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

पानीपत से गैस के ट्रक सहारनपुर तक सप्लाई देते है। रविवार की दोपहर को ट्रक के वापस पानीपत जाते समय पंकज व सुमित निवास. ीगण खंडलाना जिला सहारनपुर कलालहटी से ट्रक मे लिफ्ट लेकर बैठे। दोनो युवक करनाल मे किसी फैक्टरी मे मजदूरी करते है। आरोप है कि जैसे की खोडसमा मे मैरिजहोम के निकट पहुँचें तो सडक के बीचोबीच दो युवको ने बाइक को खडा किया हुआ था। युवको के विरा. ेध पर गाली गालौच व मारपीट की गई। आसपास के लोगो ने दोनो पक्षो की मारपीट को शांत करा दिया। इसके बाद आरोपी युवको ने बिडौली से कुछ युवको को बुला लिया और खोडसमा से निकलते ही करीब पॉच मीटर की दूरी पर फिर से ट्रक को रूकवा लिया और ट्रक सवार दोनो युवको को ट्रक से उतारकर जमकर पीटा और पॉच हजार की नगदी को लूट लिया। इसके बाद आरोपी युवको मौके से फरार हो गए। पीडितो ने



आरोपियों की संख्या करीब आठ बताई है। पुलिस ने पीडितो को मेडिकल के लिए भेजा है,वही आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

### सरेराह मारपीट की घटना से सुरक्षा पर उठे सवाल, वीडियो वायरल

ट्रक सवार युवको के साथ मारपीट के कारण अभी तक स्पष्ट नही हो सके। लेकिन सरेराह गुंडीगर्दी का परिचय देते हुए दबंगो द्वारा घटना कारित करना सुरक्षा पर सवाल खडा करता है। एक ओर तो पुलिस बुलेट से पटाखा मारने वालों की खबर ले रहरी है वही इस तरह की घटना हो जाना चुनौती जैसा प्रतीत होता है।

.....................................

इस तरह की घटना गम्भीर है। पीडितो द्वारा बताई गई घटना सच पाई जाती है तो तत्काल आरोपियों को पकडा जाएगा और कडी कार्यवाही की जाएगी।

**जितेन्द्र शर्मा,**
**प्रभारी निरीक्षक झिंझाना**

# रामनवमी के अवसर पर निकाली भव्य शोभायात्रा

## डीएम, एसपी व एडीएम ने कन्याओं को जिमाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर में रामनवमी के अवसर पर भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस से पूर्व डीएम अरविंद सिंह चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने पूजन किया। सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस व पीएसी बल तैनात रहा।

रविवार को नगर में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर परिसर से रामनवमी के पावन पर्व पर शिव सेवा सनातन मंडल द्वारा भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसे पूर्व एडीएम संतोष सिंह ने कन्याओं के पैर धोकर उनका पूजन कर उपहार वितरित किए। वहीं डीएम अरविंद सिंह चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने शोभायात्रा से पूर्व मंदिर में पूजन किया। जिसके बाद प्रति वर्ष की भाती सारथी व सेवक की बोल



कर शोभायात्रा आरंभ की गई। शोभायात्रा चौक बाजार, जोड़वा कुआं बाजार, पुराना बाजार, निर्मल चौराहा, गुंबद आदि से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों तथा बैंड-बाजों के साथ ही सुंदी झांकियां शामिल थीं, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। नगरवासियों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, अनिल मित्तल एडवोकेट, राकेश वर्मा व शगुन मित्तल, अभिषेक गोयल, अमित सिंघल,



संजीव गोयल, राकेश सप्रेटा, आलोक गर्ग आदि मौजूद रहे। वही सुरक्षा की . ष्टिगत अंडर ट्रेनिंग सीओ जितेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आनंद कुमार व इमामगेट चौकी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सहित पुलिस एवं पीएसी बल तैनात रहा।

# कपूरगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्राचीन सिद्ध पीठ नामदेव मंदिर कपूरगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ 5 अप्रैल शाम के समय कैलाश चंद्र गोत्रा ग्रुप ने संकीर्तन के साथ किया गया था, जबकि रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रविवार को कार्यक्रम में नामदेव समाज के सभी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें तन्मय नामदेव, अक्षी नामदेव, वैभव नामदेव, दीया नामद. ेव, रिया नामदेव, श्रेया लक्खीवाल, शगुन नामदेव, शैली बेदी, हर्ष गोत्रा, श्रुती नामदेव, चिराग नामदेव, खुश्शी नामदेव, शगुन नामदेव को छात्रवृत्ति व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नामदेव समाज के



अलग अलग क्षेत्र में समाज का नाम चमकाने वाले युवाओं का मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर पवन नामदेव के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच पर आसीन अतिथि बलेश चंद, राकेश कुमार, डा। रविकांत, अनिल नामदेव, अरुण कुमार, हिमांशु वर्मा आदि वक्ताओ ने नामदेव समाज को उन्नति की ओर ले जाने लिए अपने अपने विचार रखे। मंच का संचालन उत्तम नामदेव और अनिल नामदेव के द्वारा किया गया। मंच व्यवस्था रजनीश नामदेव, सन्दीप नामदेव, मुकेश नामदेव, गोपाल नामदेव द्वारा की गई। इसके बाद संत नामदेव जी का फूलों से शृंगार किया गया और छप्पन प्रकार का भोग लगाया गया। इस अवसर पर राजेंद्र नामदेव, रामकिशन नामदेव, रवि कुमार नामदेव, मन्नूलाल नामद. ेव, प्रमोद नामदेव, कुलदीप नामदेव, संदीप नामदेव, गोपाल सिंघवाल, पुष्पेंद्र नामदेव, एडवोकेट जितेंद्र नामदेव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानी की टंकी में शौच के मामले में नाबालिग पर मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव वेदखेड़ी स्थित पानी की टंकी में शौच के मामले में ग्राम प्रधान की तहरीर पर नाबालिग युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी में गांव के ही एक बालक द्वारा प्राइमरी स्कूल के निकट निर्माणाधीन टंकी के ऊपर चढ़कर शौच करने आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया था। आरोपी बालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गाई थी। इस कृत्य की एक अन्य युवक ने वीडियो भी बना ली थी जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। गांव के प्रधान आमिर आलम ने बताया कि पानी की टंकी अभी निर्माणाधीन है तथा पानी की सप्लाई डायरेक्ट दी जा रही है, इसलिए किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है, वहीं आरोपी बालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने पानी की टंकी में शौच करने वाले बालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### चावल के कट्टे चोरी में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस द्वारा चावल के कट्टे की चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1500 रूपए की नगदी बरामद की है। गत 5 मार्च को देवेन्द्र कुमार पुत्र भूल्लन सिंह निवासी मौहल्ला धर्मपुरा ने अपने गोदाम से चावल के कट्टे चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए चावल चोरी करने वाले चोर अजय उर्फ बच्ची पुत्र कृष्णपाल निवासी मौहल्ला पंसारियान को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से चोरी के चावल बेचकर बरामद 1500 की नकदी बरामद की है। पुलिस ने चोर को जेल भेज दिया।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव चौसाना निवासी जनेश्वर खोड़सामा से चौसाना बाइक द्वारा जा रहा था, कि पीछे से आ रहे चौसाना निवासी रहमान पुत्र मुव्वर बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, घायल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। दूसरी ओर थाना कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कलां निवासी ने थाने में तहरीर में बताया कि उसका विकलांग भाई अजय पुत्र नाथीराम स्कूटी से वापिस घर जा रहा था, की गाड़ी वाला चौक पर सड़क पार करते समय शामली की दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में बैठक आज

**कालागढ़।** हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए सोमवार को कालागढ़ कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में उत्तर प्रदेश शासन में मुख्य सचिव मनोज कुमार के एवं उत्तराखंड राज्य के प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा बैठक में उपस्थित रहेंगे। यह बैठक कालागढ़ में सिंचाई विभाग के आवासों में निवास कर रहे लोगों के पुर्नवास के मुद्दे में नैनीताल हाईकोर्ट से मिले आदेशों पर की जा रही है। 2016 में सुप्रीम कोर्ट में कालागढ़ के 213 लोगों के पुर्नवास की लिस्ट शासन के द्वारा पुर्नवास के बावत जमा हुई थी। नैनीताल हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को कहा कि वे आपस यह तय कर पुर्नवास के मसले में स्थिति को स्पष्ट करें। कोर्ट के आदेशों के पालन में यह बैठक होने जा रही है। यह बैठक कालागढ़ स्थित कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रेक्षागृह में राउडटेवल कांफ्रेस में दोनों राज्यों के अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

### घी के सैम्पल लेकर जांच को भेजे



**किरतपुर।** मौहल्ला झंडा स्थित एक जनरल थोक की दुकान पर शनिवार की दोपहर उस समय काफी भीड़ इकट्ठा हो गई जब वहां दीप नामक पूजा हवन में प्रयोग करने वाले घी की कंपनी के स्टाफ द्वारा छापेमारी की गई। उनके साथ शहर इंचार्ज शिव कुमार, पुनीत त्यागी व लालू यादव पुलिस कर्मी भी थे। बाद में फूड इंस्पेक्टर भी वहां पहुंच गए। दुकानदार का कहना था कि हम जो घी बेच रहे है वह दीप धेनु है। इसके पक्के पर्चे हमारे पास है। यह हिसार हरियाणा का बना हुआ है। जबकि कंपनी स्टाफ का कहना था कि असली घी दीप क्लासिक है। यह आगरा का बना हुआ है और फिल्म स्टार शक्ति कपूर व गुलशन ग्रोवर का फोटो घी के डब्बे पर छपा हुआ है। जबकि दीप धेनु वाला घी के डब्बे से रेफर हमारे डब्बे से ही कॉपी किया हुआ है। हमारे डब्बे की कीमत प्रति 900 ग्राम 260 रुपए है, जबकि दीप धेनु की कीमत मात्र 130 रुपए है। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि दीप क्लासिक की 15 पेटी कीमत लगभग 94 हजार रुपए व दीप धेनू के 49 पेटी कीमत लगभग 3 लाख है। इन्हें जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों कंपनियों के डिब्बों की सील कर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कंपनी स्टाफ में सी एस पाराशर, दुर्गेश शर्मा व गोपाल चौधरी आदि शामिल रहे।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**किरतपुर।** छितावर रोड हाईवे पुल से पहले वाहन चौकिंग के लिए पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक छितावर रोड पर हाईवे पुल के पास नाजायज चाकू लिए खड़ा है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई पुलिस के मालूमात करने पर युवक ने बताया कि यह चाकू में शौक के लिए रखता हूं। पुलिस ने चाकू को डिब्बे मे रखकर चिटबन्दी कर सील मोहर कर दिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में युवक का चालान कर जेल भेज दिया।

# कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के आर्य समाज मंदिर भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा शिक्षा क्षेत्र में बढावा देने के लिए कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 180 बच्चों को कॉपियों का वितरण किया गया।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, अरविन्द दृष्टा महाराज, मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान ने किया। जिसके बाद भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा जरूरतमंद बच्चों को कॉपियों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि समाज में कुछ बच्चे ऐसे भी है जो बढती महंगाई में कॉपियों का खर्च नही उठा पाते है।

ऐसे बच्चों को संस्था द्वारा प्रत्एक वर्ष सभी के सहयोग से कॉपियों का वितरण किया जाता है। संगम के निशुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम में सभी का सहयोग मिला,



जिसमें मुख्य रूप से सरशादी लाल शुगर मिल के रजत लाल के सहयोग से कॉपियों का वितरण किया गया है। इस दौरान 180 बच्चों को कॉपियां वितरित की गई और आगामी एक सप्ताह तक करीब तीन हजार कॉपियों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर यशपाल पंवार, अजय गर्ग, विनोद मित्तल, अध्यक्ष राजीव बंसल, सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर, दिव्या प्रभाकर, अजय गर्ग, अंकित गोयल, सुभाष सैनी, अनुराग जैन, सुभाष, प्रदीप बंसल, वैभव संगल, रवि रूहेला, मनीष जैन, अरिहंत जैन, अनिल बंसल, अजय जैन, विकास शर्मा एडवोकेट, अनिल तायल, सुनील सिंघल, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

### कार में लगू हूटर का विरोध करने पर मारपीट

**झिंझाना।** कार में लगे हूटर बजाने से मना करने पर कार चालक तथा उसके परिवार ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। रवि कुमार पुत्र राज. कुमार निवासी गुगन पुरा मेरठ करनाल हाईवे ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार की सुबह वह अपनी पेस्टिसाइड की दुकान खोलकर बैठा था तभी पडौस में रहने वाले अरुण कुमार एवं उसके पुत्रों द्वारा अपनी काले रंग की स्कार्पियों में तेज आवाज में गाने एवं हूटर बजा रहा था। जब हूटर बजाने का विरोध किया गया तो उपरोक्त अरुण कुमार एवं उसके पुत्र विनय कुमार, रितिक उर्फ लाले, सोनू के द्वारा अपने हाथों में लाठी व डंडे लेकर मेरी दुकान में घुस आए और दुकानदार के साथ मारने पीट कर दी, जिसमे दुकानदार को काफी चोटे आई है।

## सफाईकर्मी के साथ मारपीट प्रकरण में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

### महिला सफाई कर्मी ने जातिसूचक शब्दों के साथ मारपीट का लगाया था आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने महिला सफाईकर्मी को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने, गाली-गलौज व मारपीट के आरोप में दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी महिला सफाईकर्मी संतोष पत्नी जयप्रकाश ने कोतवाली पर तहरीर देकर दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक. दमा दर्ज कराया है। बताया है कि गत शनिवार की सुबह अपने सफाई क्षेत्र मदीना मस्जिद के बराबर में वार्ड नम्बर 10 मोहल्ला छड़ियान में सफाई कार्य कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान परवेज पुत्र कय्यूम मोहम्मद हसन,नईम व खतीजा पत्नी नईम, इरफान पत्नी परवेज ने आते ही गाली-गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। इस दौरान उसका मंगलसूत्र भी टूट गया,जो अभी तक मिल नहीं रहा है।पीड़िता ने दबंगों पर गला घोंटकर हत्या करने का भी आरोप लगाया है और आशंका व्यक्त की है कि उसके साथ कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## मारपीट मामले में दंपति सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुरानी रंजिश के चलते पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दंपत्ति सहित चार लोगों के खिलाफ सुसंगत मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला रेतावाला निवासी पीड़िता सलमा पत्नी खालिद ने कोतवाली पर तहरीर देकर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया है।बताया है कि गत शनिवार की शाम लगभग छह बजे घर पर रोजमर्रा के कार्य कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली शौकीना पत्नी मौसम आई और आते ही मेरे पति खालिद के बारे में पूछताछ करने लगी। आरोप है कि थोड़ी देर बाद ही मौसम पुत्र मुमताज,इस्तिकार व सुहैल पुत्रगण मौसम व शौकीना पत्नी मौसम घर में घुस आए और आते ही गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर खालिद के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। पति को बचाने आई सलमा के साथ भी गाली-गलौज व मारपीट की गई।परिजनों द्वारा घायल पति -पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। दबंग भविष्य में मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दंपति सहित चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



शामली। राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामने वाले विभिन्न दलों के नेतागण।

## विभिन्न दलों के नेताओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की

**शामली।** सदर विधायक प्रसन्न चौधरी कैंप कार्यालय पर विधायक के मार्गदर्शन में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों का विधायक ने माला एवं रालोद का पटका पहनकर स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में गय्यूर, आशु खान, नफेदीन, अमीर, शमसाद, आशु सिद्दीकी, मुस्तकीम, शौकीन अहमद, साजिद, मीनू खान, सोमिन, नसीम, गुलजार, कालू सिद्दीकी, मोबिन, नदीम सिद्दीकी, शाहिद अहमद, सलीम अहमद, मेहरबान, इकबाल अली, महिम खान, कल्लू खान, बाबू खान, इमरान अली, मेहरबान कुरैशी, निसार अहमद, दिलशाद खान, जय भगवान, नजाकत खान, सियान खान, किट्टू हसन, इस्लाम, फरमान कुरैशी, अकबर, शावेज अंसारी, इमरान अंसारी, फारूक, समीर सिक्का, सादिक, नसीम, सुबेदीन आदि शामिल है।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर झंडा फहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा के स्थापना दिवस पर रविवार को भाजपा कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को मिष्ठान भी वित. रित किया गया। पार्टी स्थापना दिवस पर अब पार्टी 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलएगी, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पार्टी की योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

रविवार को भाजपा कार्यालय पर जिला महामंत्री राजेन्द्र मादलपुर, पंकज राणा व पुनीत द्विवेदी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानक. ारी देते हुए बताया कि रविवार को पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। पहले दिन पार्टी



कार्यालय व कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराया गया। जिसके बाद मिष्ठान वितरित किया गया। साथ की झंडे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया व बीजेपी हैशटैग पर डाली गई। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ व हर गांव में जाकर प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराएगे साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात की जाएगी। 13 अप्रैल को संविधा निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडर की प्रतिमाओं पर साफ सफाई की जाएगी। 14 अप्रैल को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही उन्होने बताा कि 8 अप्रैल को पार्टी कार्यालय पर एक प्रदर्शनी लगाकर प्रदेश व केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा।

11 अप्रैल को अटल शताब्दी वर्ष पर प्रबुद्ध सम्मेलन किया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडाराज खत्म हुआ। शहर में हाईवे बने और जनपद शामली विकास के पथ पर आगे बढ रहा है। इस अवसर पर गौरव पुंडीर, सुरेन्द्र सैनी, विशेष सरोहा, पुष्पेन्द्र शर्मा, पियूष सैनी, पंकज कश्यप आदि मौजूद रहे।

## भाजपा का 45वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला लाजपतराय में भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रविवार को भाजपा नेता दीपक सैनी के आवास पर भाजपा का 45वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। धीरज उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश और प्रदेश में सभी वर्ग के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। देश प्रदेश के हर राज्यों में जनता खुशहाल है। इस अवसर पर रामनिवास सैनी, धीरज उपाध्याय, चरण पाल, विनोद गोस्वामी, अंकित गर्ग, विनोद सेन, जयप्रकाश कश्यप, अशोक सैनी, महावीर सैनी, गयूर चोधरी, अजय शर्मा, डा। जयभगवान शर्मा, संदीप राणा, मोनू पाल, रूपचंद सैनी, ईश्वर सैनी, रितिक सैनी आदि मौजूद रहे।



शामली। स्थापना दिवस मनाते भाजपाई। छाया शाह टाइम्स

# फैक्ट्री से चोरी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

■ एक को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में फैक्ट्री से चोरी करने वाले 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 3 बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि 2 को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

पुलिस जब कचहरी कट पर चें.कंग कर रही थी, तभी एक वैगनआर कार आई। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार भागने लगे। पीछा करने पर बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में विनेश नाम का बदमाश घायल हो गया।



विनेश के पास से एक देसी तमंचा, कारतूस और 5,500 रुपये बरामद हुए।

अन्य दो बदमाश जफर और आकाश को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया। उनके पास से चोरी के माल की बिक्री के 15,000 रुपए मिले।पुलिस ने बदमाशों से कुल 7 एल्युमीनियम प्लेट, 3 एल्युमीनियम पाइप, एक एल्युमीनियम फ्रेम बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी के सामान की बिक्री से मिले 30,000 रुपये, वैगनआर कार, एक पिकअप गाड़ी और एक चाकू भी बरामद हुआ है। घायल बदमाश विनेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बदमाशों द्वारा थाना क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना में पांच आरोपी शामिल थे जिनमें से दो 1. सचिन 2. अब्दुल गनी को दिनांक 5/4/25 को गिरफ्तार कर लिया था, जिनके पास से घटना में प्रयुक्त एक पिकअप गाड़ी तथा उनके पास से 02 रोड अल्युमिनियम में 04 प्लेट एल्युमिनियम व 9500 रूपए नगद बरामद हुए।

इन लोगो का एक गैंग है जो एनसीआर क्षेत्र में रात में कम्पनियों में चोरी की घटनाओं को अन्जाम देते है। कम्पनियों में रेकी कर चोरी करते है जो चोरी करते समय कम्पनी के बाहर गाड़ी में बैठकर बाहर आने जाने वाले लोगो पर नजर रखते है कम्पनी से माल चोरी करने के उपरान्त चोरी किया माल गाड़ी में रखकर ले जाते थे।

# खरीदारों के पैसे का गलत इस्तेमाल करने वालों पर होगा एक्शन, रेरा ने शुरू की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने खरीदारों से एकत्र पूंजी को परियोजना के निर्माण पर खर्च न कर अन्य कार्यों पर खर्च करने से कड़ा रुख अपनाया है। रेरा ने ऐसे बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि बिल्डर व खरीदारों को परियोजना की राशि को कलेक्शन अकाउंट में अनिवार्य रूप से जमा करानी होगी।

बिल्डर को 70 प्रतिशत राशि परियोजना के निर्माण पर खर्च करनी होगी। खरीदारों से कलेक्शन अकाउंट में जमा धनराशि का 70 प्रतिशत सेपरेट अकाउंट में व 30 प्रतिशत ट्रांजक्शन अकाउंट में जमा होगी। बिल्डर परियोजना में फंसे लाखों खरीदार आज भी अपने घर के लिए धक्के खा रहे हैं।

अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने के बावजूद कई बिल्डरों ने इसमें आवेदन नहीं किया है, परियोजना का निर्माण अधर में फंसा है। बिल्डरों ने परियोजना में बु.कंग कराने वालों से एकत्र करोड़ों रुपये की रकम को निर्माण में व्यय करने के बजाय दूसरी परियोजना में लगा दिया।

पूंजी की कमी के कारण परियोजनाओं का निर्माण अधर में फंस गए। रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी का कहना है कि रेरा को शिकायत मिली हैं कि कुछ बिल्डर खरीदारों से मिली राशि को कलेक्शन अकाउंट में जमा नहीं करा रहे हैं। राशि को परियोजना के विकास पर व्यय न कर अन्य कार्यों में खर्च कर रहे हैं।

उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। भू संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 में बिल्डरों को परियोजना विकास के लिए प्राप्त धनराशि का 70 प्रतिशत संबंधित परियोजना के सेपरेट अकाउंट में रखना और उसे परियोजना के निर्माण पर व्यय करना अनिवार्य किया गया है।

परियोजना से संबंधित तीन अकाउंट कलेक्शन अकाउंट, सेपरेट अकाउंट व ट्रांजक्शन अकाउंट की जानकारी रेरा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से देना होगी। परियोजना के खरीदारों से प्राप्त धनराशि को परियोजना के कलेक्शन अकाउंट में जमाना कराना जरूरी है।

# पूजन और भोग के बाद कन्याओं से पौधे लगवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रामनवमी पर रविवार को घर-घर देवी के रूप में कन्याओं का पूजन किया गया। उन्हें भोग लगाकर भक्तों ने उपहार बांटे और उपवास खोले। महर्षि आश्रम में कन्याओं के पूजन के बाद उनसे नौ पौधे लगवाए गए। रामनवमी पर हर बार पौधरोपण का संकल्प लिया।

रामनवमी पर सुबह से सोसाइटियों और सेक्टरों में भोग लगाने के लिए कन्याओं को लोग तलाशते रहे। सभी का प्रयास था कि कन्या भोग के लिए पहले उनके घर पर आए। देवी मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना होती रही। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा पूड़ी बनाया। सुबह और शाम के समय मंदिरों में देवी मां की विशेष आरती हुई। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु स्थानीय मंदिरों में मां के दर्शन के लिए पहुंचे। घंटों कतार में लगकर भक्तों ने मां के दर्शन किए। विधि-विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा के बाद कन्या पूजन और भोज कराकर व्रत खोला। मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ कन्याओं का जमावड़ा लगा रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा रामनवमी के दिन भक्तों की खासी भीड़ रही। महर्षि महेश योगी संस्थान ने नवरात्रि पर एक नई पहल की। संस्थान के आधिकारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया किनवमी पूजन और हवन के पश्चात कन्या पूजन किया गया। इसके बाद जिन नौ कन्याओं का पूजन हुआ, उनसे परिसर में पौधरोपण कराया गया।

# 20 हजार के इनामी बदमाश समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-3 पुलिस ने 20 हजार रुपये के एक इनामी गैंगस्टर अवैध तमंचा मय 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा थाना दादरी पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार का उनके कब्जे से 800 ग्राम गांजा व 2 अवैध चाकू बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार थाना फेस-3 पुलिस ने आज बीट पुलिसिंग व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये 20 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त फन्नू उर्फ अजमेर अली पुत्र मुस्ताख अली को सेक्टर-65 ग्रीन बेल्ट के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तंमचा मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त



की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त अपने गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर चार पहिया वाहनों की चोरी करने में माहिर है। इसने अपने निजी स्वार्थ के लिए अवैध सम्पत्ति अर्जित कर रखी है। जिसके संबंध में थाना फेस-3 पर मुकदमा गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत हुआ था।

इसके अलावा थाना दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोप.नीय सूचना की सहायता से कार्रवाई करते हुए वीरेंद्र पुत्र जान सिंह को 800 ग्राम अवैध गांजा व 1 अवैध चाकू के साथ बिसाहड़ा अंडरपास के पास से व अभियुक्त आकाश पुत्र इसपाल को 1 अवैध चाकू के साथ कठहैरा गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी एंबुलेंस में आग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार की सुबह एक एंबुलेंस में आग लग गई। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी एंबुलेंस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।एंबुलेंस जहां खड़ी थी, वहां से मात्र 20 मीटर की दूरी पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों का आवास है। लोगों की सतर्कता से आग आवासीय क्षेत्र तक नहीं पहुंच पाई।पुलिस ने बताया कि घटना के समय एंबुलेंस खाली थी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। गौर सिटी 1 और 2 की लगभग 25 सोसाइटी के द्वारों पर होते हुए करीब 5 किलोमीटर की इस यात्रा में लगभग सात हजार राम भक्त शामिल हुए। ट्रस्ट ने इस बार निवासियों को श्सनातनियों साथ चलो चार कदमश का नारा दिया। रामभक्तों ने श्री राम दरबार, शिव-पार्वती, मां दुर्गा और गणेश भगवान की झांकियों का स्वागत किया। प्रत्येक सोसाइटी के द्वार पर पुष्पवर्षा की गई। झांकियों की आरती उतारी गई। जगह-जगह पर शोभायात्रा के स्वागत में जलपान आदि की व्यवस्था की गई।

### आईफोन लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ऑटो से उतरकर चालक को किराया दे रहे व्यक्ति का आईफोन लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने बदमाशों का पीछा भी किया पर वे भागने में सफल रहे। सेक्टर-63 पुलिस को दी शिकायत में मेरठ के दौराला निवासी विभोर वर्मा ने बताया कि बीते दिनों रात नौ बजे के करीब वह इलेक्ट्रॉनिक मेट्रो स्टेशन ऑटो से आए। ऑटो से उतरकर विभोर जब चालक को किराया दे रहे थे तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और उसका आईफोन लूट ले गए। बदमाशों ने इस दौरान शिकायतकर्ता को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। बाइक की गति तेज होने के कारण विभोर बदमाशों की मोटरसाइकिल का नंबर और उनका चेहरा नहीं देख सके। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### विद्यालयों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड होगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनपद में संचालित सहायता प्राप्त एडेड माध्यमिक विद्यालयों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड होगी। इसके लिए विभाग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। माध्यमिक के स्कूलों पर लगातार संपत्ति हेरा फेरी, पैसों के दुरुपयोग, प्रधानाचार्य और शिक्षकों को ज्वाइन न करने के आरोप लगाए जाते हैं। इसके चलते अधिकारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते हैं। अब इस समस्या का समाधान करने के लिए विभाग ने सभी विद्यालयों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने का निर्णय लिया है। पोर्टल पर विद्यालय की शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों की संख्या, उपलब्ध बजट, तबादले आदि की जानकारी ऑनलाइन देनी होगी। यह कार्य 1 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है, जो कि 15 अप्रैल तक अपडेट किया जा सकेगा। 21 अप्रैल तक सूचनाओं का सत्यापन जनपद स्तर पर किया जाएगा।

### डॉक्टर से धोखाधड़ी के मामले में भी जमानत नहीं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला न्यायालय ने डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी, मारपीट और ब्लैकमेल के मामले के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया। डॉ. रोहित मित्तल ने 30 अगस्त 2024 को दादरी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थी। पीड़ित को किराये के एक फ्लैट की आवश्यकता थी। आरोप है कि 27 जुलाई 2024 को फ्लैट देखने के बहाने डीलर ने उन्हें नोएडा सेक्टर-20 बुलाया। जहां पहले से मौजूद दो लोगों ने उन्हें पीटा, मोबाइल छीना और उनके कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और 10 लाख रुपये की मांग की।

### प्रसवपूर्व देखभाल से मातृ शिशु को बचाना संभव

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जच्चा बच्चा की देखभाल के लिए फोर्टिस अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघना हँसमुखलाल पंचाल ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 800 महिलाएं गर्भावस्था से संबंधित ऐसे कारणों से मृत्यु का शिकार होती हैं, जिनसे बचाव संभव है। 24 लाख नवजात शुरुआती एक महीने के अंदर ही दम तोड़ देते हैं, लेकिन चिकित्सा तकनीक में प्रगति, समय पर प्रसवपूर्व हस्तक्षेप और जन्म के दौरान देखभाल से मां और शिशु मृत्युदर को काफी हद तक कम किया जा सकता हैं।

# नाइजीरियाई महिला को बंधक बनाकर फिरौती मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नाइजीरियाई महिला को बंधक बनाकर मारपीट करने और फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला को अफ्रीकी लोगों का अध्यक्ष बताने वाले नाइजीरियन व्यक्ति ने ही प्रताड़ित किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-22 डी स्थित सुपरटेक गोल्फ कंट्री निवासी चुक्वुएमेका जोशुआ ओन्येकवेलु ने बताया कि वह नाइजीरिया की रहने वाली हैं। आरोप है कि नाइजीरियन मूल का एक व्यक्ति, जो खुद को ग्रेटर नोएडा में अफ्रीकी लोगों का अध्यक्ष बताता है, लेकिन उसके पास कोई आधिकारिक दर्जा या राजनयिक अधिकार नहीं है। आरोप है कि 23 मार्च को आरोपी और उसके सहयोगियों ने महिला को अगवा कर लिया और सेक्टर गामा-1 स्थित कार्यालय पर ले जाकर बंदी बना लिया। उन्हें जंजीरों में बांधा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही, सात लाख रुपये की फिरौती मांगी। रुपये देने से मना करने पर आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी दी। आरा.प लगाया कि उक्त व्यक्ति ग्रेटर नोएडा में एक अवैध टास्क फोर्स चलाता है, जिसमें ऐसे लोग शामिल हैं, जो बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे हैं। ये लोग अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं, जैसे जबरन बेदखली, वसूली और मानवाधिकारों का उल्लंघन आदि। बताया कि वह पिछले आठ वर्षों से झूठी पहचान के साथ काम कर रहा है और खुद को नाइजीरियन एम्बेसी का प्रतिनिधि और यूएन पीस एम्बेसडर बताता है, जबकि नाइजीरियाई हाई कमीशन ने इसकी पुष्टि की है कि उसके पास कोई अधिकार नहीं है। उसका वीजा खत्म हो चुका है। फिर भी वह भारत में अवैध रूप से रह रहा है। उसके खिलाफ ग्रेटर नोएडा के एक क्लब में अवैध शराब बेचने का मामला भी चल रहा है। पूर्व में भी उसके खिलाफ कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि, मामले में रबुपूरा थानाध्यक्ष का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। महिला द्वारा लगाए गए आरोप की जांच की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-2 में बीपीएल कट के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में घायल साइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। गोंडा के तरबगंज निवासी रमेश कुमार सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके भाई राम जनम सिंह होजरी कॉम्प्लेक्स स्थित ऋचा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पैकिंग विभाग में काम करते थे। वह 11 मार्च को ओवरटाइम करने के बाद रात एक बजे कंपनी से बाहर निकले। वह साइकिल से कुलेसरा स्थित अपने किराये के मकान पर आ रहे थे, तभी बीपीएल कट के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार राम जनम दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। हादसे में साइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से पुलिसकर्मियों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान राम जनम की मौत हो गई। अंतिम संस्कार करने के बाद उनके भाई ने पुलिस से मामले की शिकायत की। फेज-2 थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## महिला को बातों में उलझाकर गहने ले भागे

**नोएडा।** पर्थला बाजार में दो लड़के सब्जी खरीदने आई महिला को बातों में उलझाकर ढाई तोले की सोने की चूड़ी और पांच ग्राम की अंगूठी निकालकर फरार हो गए। जब तक महिला कुछ समझ पाती, तब तक आरोपी वहां से जा चुके थे। सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी निवासी मुकेश देवी ने पुलिस को बताया कि वह 29 मार्च को करीब शाम साढ़े छह बजे पर्थला बाजार से सब्जी खरीदने गई थीं। वहां पर दो लड़के आए और उनसे बातचीत करने लगे। बातचीत करने के दौरान लड़कों ने उनको उलझाया और कुछ सूंघाकर बेहोश कर दिया। लड़कों ने उनकी सोने की चूड़ी और अंगूठी निकाली और फरार हो गए। होश में आते ही महिला ने इसकी सूचना यूपी डॉयल-112 पर दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने के लिए अगले सप्ताह दोबारा टेंडर होगा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-60 मामूरा तक मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने के लिए अगले सप्ताह दोबारा टेंडर जारी होगा। इस कॉरिडोर के जरिये जाम से राहत मिलेगी। पिछले टेंडर में किसी एजेंसी का चयन नहीं हो सका था, क्योंकि एजेंसियां मानकों को पूरा नहीं कर सकी थीं।

मोबिलिटी कॉरिडोर योजना के तहत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक यातायात व्यवस्था बेहतर करने, सौंदर्यीकरण समेत अन्य काम किए जाने हैं। अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क बनी है। इस सड़क पर आने-जाने वाले दोनों रास्तों पर सुबह-शाम लंबे जाम में फंसना पड़ता है। इसको देखते हुए नोएडा विकास




प्राधिकरण ने मार्ग का कई निरीक्षण और सर्वेक्षण के बाद मॉडल मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने की योजना तैयार करवाई है।

**एजेंसी को छह महीने में काम पूरा करना होगा:** अधिकारियों का कहना है कि इस योजना के तहत रोड इंजीनियरिंग के जरिये लंबी दूरी और कम दूरी वाले ट्रैफिक को भी बांटने का प्रयास किया जाएगा। इससे कम दूरी वाला ट्रैफिक सर्विस रोड से निकाला जाएगा, जिससे मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा। ऐसे में जो वाहन कम दूरी के होंगे वह मुख्य सड़क पर जाने के बजाय बाएं मुड़कर सर्विस रोड से आसानी से गुजरेंगे। कॉरिडोर की योजना के तहत जाम में कमी लाने, सड़क सुरक्षा और सौंदर्यीकरण से जुड़े काम किए जाएंगे। टेंडर में एजेंसी का चयन होने के बाद उसे छह महीने में काम पूरा करना होगा।

**गोलचक्कर का आकार छोटा करने का काम शुरू:** सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर का आकार छोटा करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद यहां आगे कोने पर बने सार्वजनिक शौचालय को हटाया जाएगा। इसका काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके पास ही छिजारसी की तरफ जाने वाली सड़क किनारे ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड बनाया जाएगा।

**मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा:** रोड इंजीनियरिंग के जरिए लंबी और कम दूरी वाले ट्रैफिक को बांटा जाएगा। इससे कम दूरी वाला ट्रैफिक सर्विस रोड से निक.ला जाएगा। मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा। कॉरिडोर की योजना के तहत टेंडर में एजेंसी का चयन होने के बाद उसे छह महीने में काम पूरा करना होगा।

# इस्कॉन में बड़े धूमधाम से मनाया गया भगवान् श्री रामचन्द्र का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रविवार को इस्कॉन नोएडा मंदिर में भगवान् श्री रामचन्द्र का जन्मोत्सव रामनवमी का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मन्दिर को सुन्दर फूलों से सजाया गया था। प्रात: 4:30 बजे भगवान के मंगल आरती दर्शन के साथ उत्सव का प्रारम्भ हुआ। प्रात: 10:30 बजे इस्कॉन के प्रसिद्ध भजन गायकों ने हरे कृष्ण महामंत्र व भगवान राम का अत्यन्त सुन्दर कीर्तन किया तथा भजन गाए। पूरा मन्दिर भगवान् श्री राम चन्द्र के जयकारों से गूंज उठा। कीजिसका भक्तों ने खूब आनन्द लिया एवं जम कर नृत्य किया। भगवान का पञ्च गव्य (दूध, दही, शहद, ताजे फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया गया। इसके पश्चात् भगवान को 56 भोग अर्पित किये गए। मन्दिर के सह-अध्यक्ष श्रीमन वेदांत चौतन्य प्रभुजी द्वारा विशेष प्रवचन मे भगवान राम की लीलाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे हम भगवान राम के आदर्शों का पालन कर सकते हैं तथा अपना जीवन सफल बना सकते हैं। इसके पश्चात भगवान की महा आरती की गयी।



# भाजपा ने हवन यज्ञ के साथ स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भाजपा के तिलपता स्थित जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ के साथ आतिशबाजी की। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

अभिषेक शर्मा ने सांसद डॉ॰ महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, एमएलसी नरेंद्र सिंह भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, दादरी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गीता पंडित और क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर की उपस्थिति में पदग्रहण किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ॰ महेश शर्मा ने कहा कि पार्टी के 45 वर्ष बेमिसाल रहे । पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी।

आज भाजपा भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टी है। संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व के मामले के साथ प्राथमिक सदस्यता में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार जनहित में बड़े- बड़े कार्य कर रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा में कोई भी कर्मठ ऊर्जावान कार्यकर्ता पार्टी का मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष,क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है।

# विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री राम कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा का विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ हुआ। बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों साथ 207 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में आगे आगे घोड़े, ऊंट फिर बैंड बाजा इसके बाद कथा व्यास महामंडलेश्वर पंचमानंद महाराज का रथ उसके पीछे कलश धारण किए महिलाएं एवं भक्तजन और ट्रेक्टर पर सवार भगवान राम, सीता , लक्ष्मण, हनुमान जी शोभायात्रा को शोभायमान कर रहे थे।

बैंड बाजों की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उद्घोष ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा पूरे सेक्टर 82 एवं 93 में घूमती हुई पुन: कथा स्थल पहुंची इस दौरान जगह फूलों से कलश यात्रा का



भव्य स्वागत किया गया और जलपान की भी व्यवस्था की गई। कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानन्द महाराज ने राम कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि जन्म जन्मांतर के पुण्यों के अभ्युदय होने पर हमें राम कथा रूपी अमृत पान करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है। श्रीराम कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु समान पापों का शमन हो जाता है। राम कथा संस्कारों का बीजारोपण करती है। सती चरित्र एवं पार्वती विवाह का रोचक प्रसंग व्यास जी द्वारा सुनाया गया

इस अवसर पर देवमणि शुक्ला, संजय पांडे, गोरे लाल, रवि राघव, देवेंद्र गुप्ता, सुशील पाल, हरी सिंह, अंगद तोमर, रमेश दास, रमेश चंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, रमेश वर्मा, हंसमणि शुक्ला, राजेश गुप्ता, अनूप सिंह, संगम प्रसाद मिश्र, राजवीर सिंह, विकास शर्मा, रमेश गुप्ता, विजय जी, प्रकाश जोशी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# बेटी की हत्या के मामले में पिता की जमानत अर्जी खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** न्यायालय ने बेटी की हत्या के मामले में जेल में बंद पिता की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने माना कि यह मामला हॉरर किलिंग से जुड़ा है। आरोपी पिता और भाई ने 11 मार्च को युवती की हत्या कर दी और चुपचाप उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। बता दें कि बिसरख कोतवाली में सूरज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह और नेहा पिछले तीन-चार वर्षों से प्रेम संबंध में थे। दोनों ने 11 मार्च को गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। शादी के बाद नेहा अपने चिपियाना स्थित घर चली गई थी। यह विवाह नेहा के परिजनों की मर्जी के खिलाफ हुआ था। इससे नाराज होकर नेहा के पिता भानू राठौर और भाई हिमांशु ने 12 मार्च को नेहा की हत्या कर दी और गुप्त रूप से उसका अंतिम संस्कार कर दिया। अदालत ने माना कि यह मामला हॉरर किलिंग से जुड़ा है। इस मामले में सामाजिक प्रतिष्ठा के नाम पर बेटी की जान ली गई। तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने आरोपी पिता की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं जुटा पाए भीड़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** किसानों के मुद्दों को लेकर बात करने वाला किसान मजदूर मोर्चा टीटोडा में हुई विशाल पंचायत में भीड़ नही जुटा पाया। वैसे तो इस पंचायत में भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह खुद इस सभा मे मौजूद थे उसके बाद भी भीड़ की संख्या हजारों में नही बल्कि 100 का भी आंकड़ा पूरा नही कर पाई।

बता दे कि लगातार देखा जा रहा है रोज एक नया किसान संगठन बनकर सामने आ रहा है, पहले से ही कई किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन के नाम से पश्चिम उत्तर प्रदेश में किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं अब इस कड़ी में एक और नया किसान मजदूर मोर्चा मैदान में उतरने को तैयार है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सच में इतने किसान यूनियन की आवश्यकता है, क्या यह किसान की लड़ाई लड़ने के लिए यूनियन बनाई जा रही है सवाल यह भी उठना है कि किसान संगठनों के नाम पर किसान के मुद्दों को लेकर राजनीति कर अपना वर्चस्व बढ़ाने का काम करने की लड़ाई लड़ी जा रही है। वही रविवार को टीटोडा में आयोजित हुई महा पंचायत में एक रोचक तथ्य यह भी निकलकर सामने आया कि इस अरा. जनीतिक संगठन बताया गया। लेकिन अराजनीतिक मंच पर राजनीतिक चर्चा भी देखने को मिली भारतीय जनता पार्टी से एमएलसी वीरेंद्र सिंह गुर्जर भी इस महापंचायत में पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने संघर्षों की याद ताजा करते हुए महापंचायत में पहुंचे थे जहाँ उन्होंने किसानों से कहा कि संगठन बनाना आसान है लेकिन संगठन के नियमों और कानून पर चलना मुश्किल है किसानों की लड़ाई सही मुद्दों के साथ लड़ी जानी चाहिए सिर्फ संगठन बनाने से कुछ नहीं होगा। बता दे कि रविवार को टीटोडा गांव में किसान भवन में



किसानों के मुद्दों की लड़ाई लड़ने के लिए किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी द्वारा किसान भवन में विशाल पंचायत बुलाई गई थी जहां उनका दावा था कि पंचायत में हजारों की संख्या में किसान पंचायत में पहुँचेगे लेकिन पंचायत किसानों की भीड़ 100 का आंकड़ा भी पूरा नही कर पाई। यही नही इस पंचायत में किसान मजदूर मोर्चा भारतीय किसान यूनियन संगठन टिकैत को पछाड़ने की शुरुवात की जा रही है बता दे कि इस पंचायत में किसम मोर्चा के पदाधिकारियो के साथ साथ भाकियू टिकैत संगठन से जुड़े कार्यकर्ता भी पँचायत में देखे गए। ऐसे मै अब देखना यह होगा कि किसान मजदूर मोर्चा कहां तक किसानों के मुद्दों पर खरा उतर सकता है।

# धूमधाम से निकली श्री रामनवमी भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** श्री रामनवमी के पर्व पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निक. ाली गई। जिसमें सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ योग साधना के पीठाधीश्वर केंद्र यशवीर आश्रम महाराज के द्वारा किया गया। सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर के महंत श्यामसुंदर मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, पवन गोयल, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वरिष्ठ स्वयंसेवक संदीप बंसल आदि लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अजय बंसल भगतजी, सुरेंद्र जिंदल, मेला कमेटी से उमेश गोयल, मनोज सिंघल, नवीन राना, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी, विजय गोयल, यशबीर सिंह, नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, राजेश नामदेव, डॉ. मोहित शर्मा, ऋतिक ठाकुर, शुभम कश्यप, वासु सिंघल, बिट्टू राज वर्मा, शिवाजी पाल, अर्जुन सैनी, अभिषेक सैनी, कृष्णा सैनी, वासु जोगी, अनमोल बंसल, ऋतिक सैनी, हिमांशु कश्यप, लक्ष्य सैनी, हर्षित सैनी, अर्जुन गोयल, भव्य गोयल, सक्षम सैनी, आदित्य सैनी, अवी आदि लोग उपस्थित रहे। सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर के तत्वाधान मे मेला कमेटी की ओर से बैंड बाजों सहित डीजे की धुन पर सजीव झांकियां सहित शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा प्राचीन



शिव मंदिर से शुरू हुई जो कस्बे के महर्षि बालमिकी मंदिर से होकर मुख्य बाजार के रास्ते होकर सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर पर सम्पन्न हुई। सिद्धपीठ गोकुला देवी मंदिर के तत्वाधान मे रामनवमी से लेकर चौत्र शुक्ल चतुर्दशी तक चलने वाले विशाल मेले का भी शुभारंभ किया गया। शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी और कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार मय पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



**मीरापुर।** राम नवमी के अवसर पर योगमाया मंडल मीरापुर के तत्वाधान भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभा यात्रा का नगर में अनेक स्थानो पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया।

गतवर्षो की भांति योगमाया मंडल मीरापुर के तत्वाधान में रामनवमी के अवसर पर भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा विभिन्न प्रकार की झांकियों व बैंड बाजो के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारम्भ पडाव चौक से प्रारम्भ होकर तहबरपुरा, काली मंदिर, वैश्यधर्मशाला, घास मंडी, सुभाष बाजार, सर्राफा बाजार व चौक बाजार से होता हुआ पडाव चौक पर ही समाप्त हुआ। शोभा यात्रा के दौरान भगवान राम की झांकी पर लोगो ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया तथा कई स्थानो पर लोगो ने प्रसाद वितरण भी किया। इस मौके पर पूर्व सभासद मूलचंद शर्मा, उमेश शर्मा, विकास कौशिक, नितिन शर्मा, प्रदुमन शर्मा, संजीव आदि मौजूद रहे।

# राम नवमी पर मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** रामनवमी के पर्व पर मंदिरो में विशाल भजन कीर्तन किया गया तथा रामचरित मानस का अखंड पाठ व सुंदर कांड आदि का पाठ कर मंदिरो में भगवान राम की आरती उतार कर भंडारो का आयोजन किया गया।

रामनवमी के पर्व पर राम मंदिर पंजाबी कालोनी, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट द्धएकादिशी वाला मंदिरऋ में राम भक्तो ने दोपहर 12 बजे तक भजन कीर्तन किया। श्रीहरी संकीर्तन मंडल की ओर से श्रीराम मंदिर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक भव्य भजन कीर्तन किया गया। 12 बजते ही भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिससे वातावरण राममय हो गया। उधर पंजाबी कालोनी के श्रीराम मंदिर में अखंड रामचरित मानस का पाठ करने के बाद मंदिर परिसर में भव्य भजन कीर्तन किया गया। रामजन्मोत्सव के मौके पर बधाईयां गाई गई तथा भगवान की आरती उतार कर उन्हे भोग लगया गया। इसके बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रामनवमी के अवसर पर मंदिरो को विशेष रूप से सजाया गया था। उधर सिद्धपीठ काली मंदिर में माता का रात्रि जागरण कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के अन्य मंदिरो में कई प्रकार के आयोजन किये गये। इस मौके पर राम मंदिर में रामकिशन ग्रोवर, अशोक कुमार, दर्शन लाल सुखीजा, सतीश कुमार, सरदार



सेवा सिंह, विक्की अरोरा तथा श्रीराम मंदिर ट्रस्ट में प्रवीण कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार रस्तौगी, वासुदेव शर्मा, मोहित लखोटिया, विनोद कुमार, दिनेश कुमार माहेव. री, ब्रिजेश कुमार कौशिक, सिद्धपीठ काली मंदिर में स्वदेश कुमार रस्तौगी, विनोद कुमार, अजय कुमार, सदरार हैप्पी, संजय शर्मा, कृष्ण कुमार, नरेश कौशिक, आनंद, सोनू कश्यप, शिवम वत्स आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 48वें जन्म महोत्सव पर श्री राम मंदिर में श्री सुंदरकांड का पाठ

**खतौली।** प्रभु श्री राम जी को जन्मोत्सव 12 बजे मनाया गया। विशाल आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया बड़ी धूमधाम के साथ सभी भक्तों के बीच मनाया गया जिसमें बाहर से आए भक्तगण एवं सभी मंदिर कमेटियों का विशेष सहयोग रहा। श्री राम मंदिर में मुख्य रूप से श्रद्धा गुप्ता तहस. ीलदार खतौली ने उपस्थित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राम मंदिर महिला कमेटी द्वारा तहसीलदार महारानी की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया और रचित मेहता द्वारा कौशिक और सम्मानित व्यक्तियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हरबंस अरोरा, अनिल मेहता, सुखदेव छाबड़ा, अंकित अरोरा, राज. कुमार नारंग, अशोक रहेजा, मनोज छाबड़ा, मदन छाबड़ा, दीपक रहेजा, मदनलाल रहेजा, मुकेश रहेजा, दर्शन लाल अरोरा, संजीव मेहता, विजय मेहता, सुभाष आहूजा, मदन मेहता, संदीप नारंग, राजीव रहेजा, मनोज अरोरा,विनोद अरोरा,अशोक अरोरा,जुगल अरोरा,संजय अरोरा, कश्मीर नारंग , बंटी बटला, हनी अरोरा,अशीष रहेजा आदि भारी संख्या में श्रद्धालु का सहयोग रहा ।

### फल मंडी की दुकानों के पीछे पड़े कबाड़ में लगी आग

**बुढाना।** कस्बे के पुलपार स्थित फल मंडी की एक साइड की आधा दर्जन दुकानों के पीछे पड़े कबाड़ में रहस्यमय तरीके से आग लग गयी। इससे पहले आग दुकानों के अंदर पहुंचती तब मौके पर आये फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया। बुढाना कस्बे के पुल पार स्थित फल मंडी की एक साइड में आधा दर्जन दुकानें हैं। जिनको कस्बे के ही कुछ लोगों ने किराए पर लिया हुआ है। आज रविवार की दोपहर लगभग एक बजे इन सभी दुकानें के पीछे पड़े कबाड़ में अचानक से रहस्यमय तरीके से आग लग गयी। जिसमें काफी धुंआ उठने लगा। तभी इसकी सूचना किसी ने फल व्यवसाई सूफियान कुरैशी को दी उन्होंने मौके पर पहुंचकर मौके पर मौजूद अन्य लोगों की मदद से पानी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती गयी। तब इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी गयी तो उन्होंने कुल पांच मिनट में ही मौके पर आकर आस पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को बंद कराकर काफी देर बाद आग बुझाकर दुकानों में आग लगने से बचा ली। आग बुझाने वाले दमकलकर्मियों में फायरमैन विवेक सिंह, शिव कुमार, ड्राइवर जयप्रकाश और हैड कांस्टेबल मुन्ना लाल थे। यहां उपस्थित लोगों ने इन चारों दमकलकर्मियों की खूब जमकर सराहना की।

### 6 दिन से गायब सेवाराम का नहीं कोई सुराग

**बुढ़ाना।** पिछले छह दिनों से गायब दलित सेवाराम का अभी तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दे दी लेकिन उसका कोई सुराग अभी तक भी नहीं लग पाया है। बुढ़ाना पुलिस से परिजनों ने गायब हुए युवक की बरामदगी की गुहार लगाते हुए उसकी हत्या की आशंका भी जताई है। मिली जानकारी के अनुसार दलित सेठ पाल पुत्र जगदीश निवासी ग्राम लुहसाना ने बताया कि बीती 01 अप्रैल की सुबह 11 बजे उसके ही गांव का दीपक पुत्र धर्मपाल सिंह राठी अपनी मोटर साईकिल पर उसके भाई सेवा राम पुत्र जगदीश को बैठाकर यह कहकर ले गया था कि हमे ईंख की बुआई करनी है। उसका भाई दीपक राठी की मोटर साईकिल पर बैठकर चला गया था। तब से ही उसके भाई का कोई भी अता पता नही है। हमने उसको संभावित स्थानों पर काफी तलाश कर लिया परन्तु सेवाराम का अब तक भी कोई पता नही चल पाया है। आंशका है कि कभी उसकी हत्या न हो जाये। परिजनों ने गांव के ही आरोपी दीपक पुत्र धर्मपाल के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाते हुए गायब सेवाराम की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। जहां एक और बुढाना पुलिस ने सेवाराम की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए हैं वहीं एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज परिजनों ने पुलिस को सौंपी है। जिसमें ट्रेक्टर पर 3 लोग बैठे हैं। ।

### तीन दिन बाद भी लापता का सुराग नहीं

**छपार।** घर से अचानक गायब हुए व्यक्ति का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका जबकि उसकी गुमशुदगी दर्ज है।

गांव बसेड़ा निवासी अंकुल ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पिता मुरारी शुक्रवार की सुबह घर से अचानक लापता हो गया । शाम तक तलाश करने पर भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो थाने में शनिवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कन्हैया, अंकित, चतरपाल, धनश्याम, सुदेश, बबलू रविन्द्र, कपिल आदि लोग रविवार को थाने पहुंचे ओर मुरारी के बरामदगी की मांग की।

# नवरात्र के समापन पर किया कन्याओं का पूजन

**मोरना।** तीर्थ नगरी मे स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व. विद्यालय मे रविवार को नवरात्र के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं का पूजन किया गया वह देवियों के स्वरूप तथा देवी महिमा व शिव महिमा के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया

ब्रह्म कुमारी सेंटर की संचालिका प्रवेश दीदी ने कहा की शिव-शक्तियाँ जन जन जन कल्याण के लिए धरा पर अवतरित हो चुकी है। सभी नवरात्रि मनाते हैं व जागरण करते हैं।जबकी इस धरा पर अज्ञानता का घोर अन्धियारा है। तब भगवान शिव अपनी शक्तियाँ देवियों के द्वारा प्रकट कर ज्ञान की ज्योति जगाते है और अज्ञानता का अंधकार मिटा देते है। प्रत्येक आत्मा के मन में ज्ञान की ज्योति जगाकर, दैवी गुण भर कर उनके जीवन को सुखमय बनाते है। सतयुग में सम्पूर्ण दैवी स्वराज्य था जो भगवान शिव अब फिर से बना रहे हैं अब रहे है।बी के अमित भाई ने सभी नो देवियों के स्वरूप के बारे विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा की कन्याए ब्रह्मचार्य व पवित्रता का रूप हैं।किसी भी शुभ कार्य मे इसीलिए कन्या पूजन किया जाता। ईश्वरीय विद्यालय से जुडी बहने ब्रह्मचर्य को अपना कर जगत कल्याण का कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान दंडी स्वामी भक्ति भूषण महाराज श्रवण भाई बी के बीनू बहन, बी. के. खुशी,बी. के. आरती, बी. के.आर्यन, बी के आयुष आदि भाई-बहनें प्रोग्राम में मौजूद रहें।



मोरना : नवमी पर कन्या पूजन करते श्रद्धालु।

# भाजपा ने दिया सुशासन और सुरक्षा: सुधीर सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। रविवार को गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने संगठनात्मक और भाजपा सरकारों की उपलब्धियों को सामने रखते हुए कहा कि भाजपा ने सुशासन और सुरक्षा देकर जनता का बिश्वास जीतने का काम किया है।उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता संख्या रखने वाली राजनीतिक पार्टी है। इसलिए पार्टी का संगठनात्मक चुनाव भी एक लंबी प्रक्रिया से होकर गुजरता है। यह चुनाव का दौर अभी चल रहा है। पार्टी ने 46 साल में उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के अन्य राज्यों में अपने कार्यालय बनाये हैं। यूपी में पार्टी के जिला और




क्षेत्रीय कार्यालय अपने हैं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली भाजपा अकेली पार्टी है। पार्टी में कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता तक शीर्ष नेतृत्व की नजर और पकड़ बनी रहती है। उन्होंने कहा कि संगठन के स्तर पर पार्टी काफी मजबूत है और जनता का विश्वास लगातार ही पार्टी के साथ बना हुआ है। इस दौरान नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, संजय गर्ग, शरद शर्मा, पवन अरोरा, जिला मंत्री सुधीर खटीक, श्री मोहन तायल, सुनील दर्शन, संजय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियूअ की बैठक में की गई नई नियुक्तियां

**बुढाना।** भाकियू अराजनैतिक के पश्चिमी यूपी अध्यक्ष राजीवघ दुल्हेरा के समक्ष आज रविवार की सायं बुढाना कस्बे के मौहल्ला मास्टर कालोनी में स्थित नगर कार्यालय पर बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव गोयला के निवासी राज सिंह आर्य बालियान को सभी की सहमति से शाहपुर ब्लाक का नया अध्यक्ष बनाते हुए उनको नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया और उनसे आशा व्यक्त करते हुए ये भी कहा गया कि वे संगठन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जिस पर नये पदाधिकारी शाहपुर ब्लाक अध्यक्ष राज सिंह आर्य बालियान गोयला ने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वे संगठन को तन मन धन से मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान दर्जनों लोगों ने यहां पर भाकियू के नाम के एक अन्य संगठन को छोड़ भाकियू अराजनैतिक में आधे की घोषणा की। यहां भाकियूअ के



प्रदेश सचिव बिजेंद्र बालियान, जिलाध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार, कपिल बालियान पुरबालियान, विवेक कुमार दताना, विकास कुमार गोयला, शेर खान, शाहवेज राणा नगर अध्यक्ष युवा, महावीर सिंह शाहडब्बर, प्रवीण पंवार, मांगेराम पंवार, धीर सिंह आर्य, तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पंवार मौजूद रहे।

### फर्टिलाइजर ड्रिल मशीन से पहली बार हुई मूंग उड़द की बुआई

( नसीम कुरैशी )

**बुढाना।** महाराष्ट्र व हरियाणा राज्य में सब्जी, दलहन व तिलहन के बीज खेतों में बोने वाली मशीन का इस्तेमाल बुढाना क्षेत्र में रविवार के दिन पहली बार युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा ने अपने खेतों पर किया। जिसमें उन्होंने उक्त मशीन से अपने खेतों में खड़े ईंखों में सहफसली मूंग और उड़द की दाल की बुआई की। हर कोई इस मशीन को देख रहा है। इसे फर्टिलाइजर ड्रिल मशीन कहा जाता है और बजाज शुगर मिल के अधिकारियों के द्वारा इसके इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। जो बीज बोने और खाद डालने का काम एक साथ करती है। जिससे खेती आसान और अधिक फायदेमंद होती है। फर्टिलाइजर ड्रिल मशीन के फायदे समय और श्रम की बचत है। यह मशीन बीज बोने और खाद डालने का काम एक साथ करती है। जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है मशीन बीज को सटीक दूरी और गहराई पर बोती है।घ जिससे बीज का बेहतर उपयोग होता है और बीज का नुकसान कम होता है। बीज को सही गहराई और दूरी पर बोने से पौधों को बेहतर विकास के लिए आवश्यक संसाधन मिलते हैं।घजिससे फसल की पैदावार में वृद्धि होती है। उर्वरक का छिड़काव पूरे खेत में किया जाता है। जिससे खरपतवारों को नियंत्रित करने में आसानी रहती है। मशीन बीजों को मिटी में सही गहराई पर दबाती है। जिससे अंकुरण की दर में वृद्धि होती है। इस मशीन से सब्जी की भी बुआई की जा सकती है। जो बीजों को सटीक रूप से नियंत्रित करने के लिए घड़ी नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करती है। जिससे रोपण का प्रभाव बेहतर होता है। सब्जी बीज बोने वाली मशीनें बीजों की संख्या को सटीक रूप से नियंत्रित करने के लिए घड़ी नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करती हैं। बुआई करते समय इसे दूरी के अनुसार निर्धारित किया जा सकता है तथा बीज को नियमित रूप से मिटी में दबाया जा सकता है तथा गहराई भी निर्धारित की जा सकती है।

# दो टूक बोले एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार

# साप्ताहिक बंदी में खोली दुकान तो 10 हजार का होगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** अगर आप साप्ताहिक बंदी के दिन भी बैखोफ होकर प्रशासन के आद. ेशों को दरकिनार करके अपनी दुकान को खोलते हैं तो यह खबर फिर आपके लिए ही है। अब खबर ये है कि बुढाना एसडीएम राजकुमार भारती ने साप्ताहिक बंदी के चलते हर हफ्ते मिलने वाली शिकायतों को इस बार बड़ी गंभीरता से लिया है। उनका दो टूक कहना है कि साप्ताहिक बंदी दिवस पर सोमवार के दिन जो भी दुकानदार प्रतिबंधित दुकानों को खोलेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए दस हजार रूपये का जुर्माना वसूला जाएगा। अब वे तहसील के कर्मचारियों से गुपचुप तरीके से पूरे कस्बे का भ्रमण करवाएंगे और खुद भी बाजार का भ्रमण करेंगे। अब दुक. ानदार सोमवार के दिन अपना प्रतिष्ठान बंद रखे नही तो कार्यवाही तय है।

एसडीएम के अनुसार पिछले दिनों बीते त्यौहारों की वजह से किसी भी दुकानदार पर कोई भी सख्ताई नहीं की गयी थी लेकिन इस बार साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोलने वाले अडियल दुकानदार बड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

उनसे दस हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया जाएगा। बताया गया है कि अस्पताल, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप, दूध व अखबार वितरण जैसी आवश्यक सेवाओं पर साप्ताहिक बंदी का नियम लागू नहीं है।

# पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने सपा को दिया जोर का झटका

**बुढ़ाना।** ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बुढाना कस्बे और क्षेत्र मे समाजवादी पार्टी को रविवार के दिन जोर का झटका दिया। उनके नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने सपा का दामन छोड़ रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह में आस्था जताई और कहा कि हमारा सपा में दम घुट रहा था। चौधरी जयंत की नीतियां अच्छी लग रही थी इसलिए आज सपा छोड़घ रालोद की और रूख किया है। अगर देखा जाए तो पूर्व प्रमुख ने बुढाना विधानसभा क्षेत्र में रालोद का जो कुनबा बढ़ाने का काम किया है उसकी चारों और चर्चा हो रही है वो भी उस समय जब वक्फ बिल पास को लेकर मुस्लिम परेशानघ हैं। सपा में की गयी तोडफोड को लेकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बताया कि बुढाना विधानसभा क्षेत्र में सैंकड़ों सपा कार्यकर्ता कई दिन से उनके संपर्क में थे। वे सपा में घुटन सी महसूस कर रहे थे।घ आज का समय रखा गया तो सैंकड़ों लोग डाक बंगले पर आए और मुझे बुलवाकर मेरे सामने चौधरी जयंत जिंदाबाद के नारे लगाकर कहा कि हम आज से रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत की पार्टी में आ गये हैं क्योंकि रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत ही हमारी पीड़ा समझते हैं और उन्होंने वक्फ बिल में जो बातें मुस्लिमों के खिलाफ थी वे सब बातें हटवाई तब उस बिल को पास होने दिया। हम वादा करते हैं कि हम सभी आज से रालोद में मरते दम तक रहेंगे और पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के नेतृत्व में रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करेंगे। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने सबका आभार जताया और कहा कि वे यहां की बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार हैं मगर जो भी रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी का निर्णय होगा वो हम मानेंगे। सैंकड़ों लोगों ने यहां पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के नेतृत्व में राला. ेद की सदस्यता ग्रहण की और चौधरी जयंत जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से लगाए। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि वक्फ बिल का वो विरोध कर रहा है जिसे इसका ज्ञान नहीं और जिसको हम वक्फ बिल के बारे में बता रहे हैं तो उसकी भ्रांति दूर हो रही है।



इसलिए वक्फ बिल से किसी भी मुस्लिम को डरने की जरुरत नहीं है। कुल मिलाकर यहां पर आज सपा को झटका देने व रालोद का कुनबा बढ़ाने का जो काम पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने किया है उसकी चारों और चर्चा हो रही है वो भी ऐसे समय में जब मुस्लिम वक्फ बिल के पास होने को लेकर पूरी तरह पसोपेश में हैं। सपा छोड़ रालोद में आने वालों में सरवर प्रधान हुसैनपुर, उमरदराज प्रधान खानपुर, शाहिन प्रधान कल्याणपुर, ताहिर राणा बीडीसी, फैज प्रधान मन्दवाडा, दिलशाद प्रधान लोई, सरफराज प्रधान सुल्तानपुर, ईमान अली बीडीसी, शमशाद पूर्व प्रधान लोई, आस मौहम्मद, शेर खान प्रधान महलजना, साहिल बीकेयू, लविश, शोयब, समीर मलिक, मोहित, नवाजिश, मोहम्मद अनीस, साहिल, नदीम, शमशाद, अखलाक, नूर हसन, आस मौहम्मद, इमान अली, सरफराज, दिलशाद, ताहिर राणा और अकबर प्रमुख भनवाडा आदि ग्रामीण हैं।

### वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी के उपकरण भी हुए बरामद

**खतौली।** कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना खतौली पुलिस द्वारा वाहन चोरी करते हुए एक शातिर को दबोच लिया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान राधे श्याम उर्फ विशाल पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम मटौरा थाना मवाना जनपद मेरठ के रूप में हुई। उसके पास से एक नाजायज तमंचा बरामद हुआ है। फलावदा रोड बी सोसाइटी में बोलोरो पिकअप चालक अपनी गाड़ी को रोज खड़ी करता था। शुक्रवार की रात तीन चोर आये और चोरी की फिराक में लग गये। सोसायटी में चोरों ने पिकअप बलोरो का शीशा खोल लिया। मगर इसी दौरान एक महिला ने छत से चोर को चोरी करते देख शोर मचा दिया। प्रधान रविदत्त ने पुलिस को चोर के बारे में बताया। पुलिस को देख चोर वहां से भागने लगे, जिसमें राधे श्याम को पुलिस ने दबोच लिया जबकि दो अन्य भाग गये।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धार्मिक कार्यक्रमों से सराबोर हुई शामली, जुटे हजारों श्रद्धालु

## देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रमुख सचिव, संस्कृति अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में चैत्र नवरात्रि राम नवमी के अवसर पर शुभ तिथियों में देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए भव्यपूर्ण देवी गायनध्दुर्गा सप्तशती पाठ अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त के दृष्टिगत अष्टमी एवं रामनवमी के अवसर पर राम मंदिरा. हनुमान मंदिरों देवी मंदिरों वाल्मीकि मंदिरों शक्तिपीठों का चयन करते हुए मंदिरों में रामायण रामचरितमानस में वर्णित सामाजिक मूल्यों व माननीय गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए भव्य पूर्ण देवी गायन दुर्गा सप्तशती पाठ अखंड रामायण पाठ के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद शामली में 5 अप्रैल अष्टमी एवं 6 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर जिलाधिक. ारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के दिशा निर्देशन में जनपद के समस्तध् तहसीलध्विकास खण्डों में एवं निकायों के अंतर्गत स्थापित चयनित राम मंदिरों हनुमान मंदिरों देवी मंदिरों वाल्मीकि मंदिरों शक्तिपीठों में स्थानीय कलाकारों आदि टीम द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ देवी गायन अखंड रामायण पाठ एवं भजन आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।सभी जगह सभी संबंधित अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।



## मंदिर हनुमान टीला पर राम प्रकटोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर राम प्रकटोत्सव धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पिछले 9 दिनों से राम दरबार में चल रहे रामचरित मानस पाठ का भी समापन हो गया जिसके बाद मंदिर प्रांगण से रामायणजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर रविवार को राम प्रकटोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर राम दरबार में चल रहे रामचरित मानस पाठ का भी समापन हो गया, इसके बाद भगवान राम की महाआरती भी हुई जिसमें अनुराग शर्मा, आदेश शर्मा, वंश नामदेव, नमन कर्णवाल ने भगवान राम के कई भजन प्रस्तुत किए। एडीएम संतोष कुमार सिंह, हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राज. कुमार मित्तल ने भगवान राम की आरती। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण से रामायण जी की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी रहे। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर रामायण रखकर चल रही थी। शोभायात्रा हनुमान धाम से प्रारंभ होकर वीवी इंटर कालेज, कबाडी बाजार, बडा बाजार, गांधी चौंक, शिव चौंक होते हुए हनुमान धाम पर संपन्न हुई। शोभयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा के पश्चात मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पुनीत द्विवेदी, मुकेश मैनेजर, रमेश धीमान, पं। देवानंद शास्त्री, पं। रामकुमार, पं। मोहित, अमित मुंशी, अनुराग शर्मा, मुकेश कर्णवाल, अमित प्रजापति, वंश नामदेव, गुरुशरणम रुहेला, सागर मित्तल, मनोज मित्तल, संजीव वर्मा, अमित गर्ग, भोला, अमित तरार, मोंटी, रोबिन गर्ग, रविकांत, रोहित संगल आदि मौजूद रहे।





## सप्तशती पाठ भव्यपूर्ण देवी गायन का समापन

**शामली।** जिले के देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में चल रहा दुर्गा सप्तशती पाठ भव्यपूर्ण देवी गायन का कार्यक्रम का समापन हो गया।

रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत बनत के मौहल्ला पटेल नगर बनत के महर्षि वाल्मीकि के मन्दिर में सुन्दर काण्ड का पाठ कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य यजमान ओम सिंह कश्यप द्वारा दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सुन्दर कांड पाठ मांगेराम, शीशपाल, सतेन्द्र, रोहितास, बिनोद कुमार, मोहनलाल, मनीष आदि कलाकारों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ओम कुमार, प्रताप सिंह, शिव कुमार गौतम, देवेन्द्र कुमार, बिनोद, संजय कुमार, विजय, जयप्रकाश मौजूद रहे। वही डीएम अरविन्द कुमार चौहान के दिशा निर्देशन में तहसील, विकास खण्डों में एवं निकायों के अंतर्गत स्थापित चयनित राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय कलाकारों आदि टीम द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी गायन, अखंड रामायण पाठ एवं भजन आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें अधिकारियों ने भाग लिया।





# स्टेट पैरा एथलेटिक में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को गांव सिंभालका स्थित होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जनपदों से पहुंचे दिव्यांग खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता खिलाडियों को सोमवार को पुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जो नेशनल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकेगे।

रविवार को कर्मण्य सर्वहित संस्था द्वारा 3वी जूनियर एवं सब-जूनियर उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक चौंपियनशिप का आयोजन गांव सिंभालका स्थित होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में किया गया।

जिसका शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने संयुक्त रूप से किया। कर्मण्य सर्वहित संस्था अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महासचिव कृष्ण मित्तल ने अतिथियों का सम्मान किया और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न जनपदों से पहुंचे दिव्यांग खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अतिथियों ने कहा कि संस्था द्वारा जो प्रतियोगिता कराई जा रही है वह सराहनीय है। ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से दिव्यांग बच्चों को आगे बढने का मौका मिलता है और उनके अंदर कुछ कर गुजरने की भावना पैदा होती है। विजेता खिलाडियों को सोमवार को पुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जो नेशनल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकेगे। इस अवसर पर डीआईओएस जेएस शाक्य, प्रधानाचार्य अमित मलिक, सचिव जबर सिंह खैवाल, आजाद सिंह, रो‍ि. हत विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।





# प्रतिभावन छात्रों को पुरस्कार वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्लोब स्टार एकेडमी ताना में ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया, वहीं कार्यक्रम में सभी छात्रों को उनके अंक पत्र वितरित किए गए तथा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को ग्लोब स्टार एकेडमी ताना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊन ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल सिंह, बंटी चौधरी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्व ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर संदीप शर्मा की प्रेरणा पर जनपद शामली के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंकज शर्मा को मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि महासभा के दायित्व्यों का निर्वहन करते हुए लग्न और मेहनत से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के बीच में एकेडमी के छात्रों को उनके अंक पत्र वितरित किए कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया गया। ग्लोब स्टार एकेडमी ताना के प्रबंधक सचिन शर्मा व प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। पंकज शर्मा को ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष बनने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संदीप शर्मा, हरीश गौतम सहित एकेडमी स्टाफ उपस्थित रहा।



## नवमी पर घर-घर हुआ कन्या पूजन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चैत्र नवरात्रि के नवमी के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद कन्याओं को भोग लगाकर नवरात्रि का पर्व संपन्न कराया गया। इस दौरान कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया।

नवरात्रि के अवसर पर 9 दिन तक माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याओं को भोग लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। मंदिरों मे प्रात काल से ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ लग रही थी। नवमी के दिन कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व रहता है। इसलिए नवमी के दिन कन्याओं को भोग लगाकर उपहार भी भेंट किया जाता है।

टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर के पुजारी रविकांत वशिष्ठ के अनुसार कन्या पूजन से सभी इच्छाएं पूरी होती है। घर में सुख समृद्धि का वास होता है। भक्तों के द्वारा अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार भी भेंट किए जाते हैं।



## गुलदार का बिसरा जांच के लिए भेजा

**नहटौर।** ग्राम गिलाड़ी व ढकौली के जंगल में गेंहू के खेत में मृत अवस्था में मिले नर गुलदार के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गुलदार के पेट में सूकर के बाल मिले है। वह पीलिया बीमारी से ग्रस्त था। बिसरा जांच के लिए बरेली भेजा गया है।

शनिवार को ग्राम गिलाड़ी व ढ़कौली के बीच जंगल में ग्राम ढकौली निवासी मुन्नू सिंह के गेंहू के खेत में एक गुलदार पड़ा हुआ दिखाई दिया था। गुलदार को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। वन विभाग की टीम के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी भी मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान गुलदार की मौत हो गई। वन विभाग की टीम को गुलदार मृत अवस्था में मिला। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार के मुताबिक नर गुलदार का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसके पेट में सूकर के बाल मिले है। गुलदार पीलिया रोग से ग्रस्त था। शरीर पर चोट के निशान मिले है।

## बालाजी मंदिर में रामनवमी व माता की चौकी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में रामनवमी और मां दुर्गा जी की चौकी का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरि ने यजमान सुधीर अग्रवाल के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र का स्नान करा कर सुंदर वस्त्र आभूषण पहनाए गए आरती कराकर महंत आदित्य गिरि ने प्रसाद वितरण किया।

मां शेरावाली की चौकी के मुख्य यजमान राजवंत सिंह पत्नी दीपमाला, दीपाली, दीपवंत के द्वारा गोरी, गणेश, कलश नवग्रह पूजन महंत डॉक्टर अमित गिरी ने विधिवत करा कर प्रारंभ की गई। मंदिर की पुजारी पूनम गिरी, समता जोशी, संध्या चौधरी, दीपाली, संगीता जोशी, रुक्मेश, सुधा, रेखाकात्यायन, आशा देवी माता के भजनों से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया।

इस अवसर पर लक्ष्मी सैनी, स्नेहा गिरी, नीलम, नूतन, हेमलता, प्रदीप कुमार नीलू, नीलम, हेमलता, संगीता, तनु रूद्र, पार्थ, पंकज कुमार, गोपाल सैनी, संगीता, रूपांशी, पुनिका, दीपिका और अन्य महिला भक्त मंदिर में उपस्थित रहे। बाद में मंदिर के महंत ने मां शेरावाली की आरती कराई और सभी ने हलवे, चने, फलों का तथा पंचमेवा का प्रसाद वितरण किया गया।

## जिजौला में तीन सीसी सड़कों के निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर क्षेत्र की तीन प्रमुख मुख्य सड़कों के सीसी निर्माण की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी से मुलाकात की और लोक निर्माण विभाग को कार्य शुरू कराने के निर्देश देने की मांग की। ग्रामीणों ने मांगपत्र में बताया कि जिजौला में तीन मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर हालत में हैं, जिससे आमजन को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में इन मार्गों पर जलभराव हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

जिजौला के ग्रामीणों की मांग के अनुसार पहला मार्ग फैक्टरी वाली सडक से अनीस की टयूबवैल तक है, दूसरा मार्ग चौसाना के मुख्य मार्ग से अलीपुरा में नसीम के मकान तक और तीसरा मार्ग जिजौला के खेल मैदान से बल्लामाजरा की सीमा तक है। तीनों मार्गों की कुल लंबाई लगभग तीन हजार मीटर है।ग्रामीणों का कहना है कि ए रास्ते आवागमन के लिहाज से बेहद जरूरी हैं और इनका निर्माण लंबे समय से लंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान आदिल ग्राम प्रधान,नाजिम राणा,दिलबहार,सददाम,अकरम,दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक कार्यक्रम

## शत-प्रतिशत उपस्थिति पर समरीन सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम रसूलपुर नगला स्थित कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर नगला में खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव चौहान (जिला संयुक्त मंत्री बिजनौर) सम्मानित ग्राम प्रधान मौहबबत शाह, एसएमसी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रतिनिधित्व जुबैर पठान तथा रिमेश ने मौके पर सम्मानित अध्यापकगण व बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने बाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में समरीन, सानिया, कशिश, छात्रा प्रियांशी, निधि, दींपाशू, फारिया, सोफियान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कंपोजिट स्कूल रसूलपुर नंगला रहे। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर नगला का समस्त स्टाफ द्वारा सराहनीय सहयोग रहा। समरीन द्वारा विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति होने पर प्रधानाध्यापक राज. ेश कुमार को ग्राम प्रधान मोहब्बत शाह द्वारा घड़ी देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु उपस्थित सम्मानित मंचासीन नितिन यादव (प्रधानाचार्य जवाहर इंटर कॉलेज रसूलपुर नगला) के द्वारा बच्चों कों शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। कंपोजिट विद्यालय स्कूल रसूलपुर नगला के वार्षिक कार्यक्रम में मौ. जाहिद, अलका, स्वाति, भावना, हुमा अफजाल, मनीषा (प्राथमिक विद्यालय कौशल्या), ब्रह्मपाल, विमल (शिक्षक संकुल), अरूण, नितिन कश्यप व सीनियर शिक्षक रिजवान अख्तर एनपीआरसी कराल, खेमपाल, राजकुमार, नितिन, अतुल, मंगल, मनोज आदि ने सभी सम्मानित मंचासीन अतिथियों का रसूलपुर नगंला के समस्त स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह जानकारी सीनियर शिक्षक रिजवान एन पी आर सी (कराल )अख्तर ने दी।



## उपभोक्ता विद्युत बिलों का समय से करें भुगतान : विनोद कुमार

**स्योहारा।** धामपुर विद्युत उपखण्ड द्वितीय का कार्यभार जबसे अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने संभाला है तब से बिजली में काफी सुधार हुआ है।

आपको बताते चले की विनोद कुमार गंगवार एक नेक दिल व कुशल व्यवहार के व्यक्ति है। अभी उन्हें चार्ज संभाले हुए लगभग कुछ ही महीने हुए है, मगर अपने कुशल व्यवहार और अपने अच्छे कार्य करने से विद्युत उपभोक्ताओं के दिलों में बहुत जल्द जगह बना ली है। उन्होंने अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये है कि अगर कोई भी उपभोक्ता अपनी विद्युत से संबंधित समस्या लेकर आता है तो उनकी समस्या विन्रमता पूर्वक सुने ओर उनके प्रार्थना पत्र पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए जो भी उनकी जायज समस्या है उसको जल्द से जल्द सही करके समाधान किया जाय।

## शिव मंदिर में धूमधाम से मनाई रामनवमी



**धामपुर।** बड़ा शिव मंदिर में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राम दरबार की मूर्तियां और मंदिर के सभी मूर्तियों को पांच स्नान गंगाजल, दूध, दही, घी व शहद से स्नान करा कर श्रृंगार किया गया। उसके बाद राम दरबार की आरती कर प्रसाद विपरीत किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। बृजमोहन गुप्ता द्वारा सभी को रामनवमी की एवं राम जन्मदिन की बधाई दी गई। कार्यक्रम में बृजमोहन गुप्ता, शरद गुप्ता, राकेश जैन, नीरज रस्तौगी, पंडित शुभम शास्त्री, सीमा शर्मा, राधा गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, राशि गुप्ता, पिंकी जैन, चंचल रस्तौगी, गौरी वर्मा, तन्मय रस्तौगी, रचना गुप्ता, निधि गुप्ता आदि शामिल रहीं।

## हादसे में महिला घायल

**शेरकोट।** एक दुर्घटना में एक महिला को छोटे हाथी द्वारा टक्कर मार दिए जाने से गंभीर चोटें आईं। यह घटना तब हुई जब महिला अपने पति आफताब के साथ बाइक से धामपुर की ओर जा रही थी। जब वे हाईवे पर मुबारकपुर कुंडे के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे एक छोटे हाथी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला रुकसाना गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया और पुलिस ने आरोपी छोटे हाथी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आरसीबी के खिलाफ उतरेगी मुंबई इंडियंस




● मुंबई ने मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में सिर्फ एक मैच में ही जीत हासिल की है

**मुंबई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी।

मुबंई ने मौजूदा सीं में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमाीं सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161-32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। वानखेड़े की पिच अपने उच्च स्कोर वाले खेलों के लिए जानी जाती है, मेजबानों को कुछ राहत प्रदान करेगी, जो अपने घरेलू लाभ की तलाश करेंगे। इस मैदान पर मुबंई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार उन्हे इन फार्म बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आरस.ीबी दो जीत और एक हार के साथ मैच में आ रही है। बेंगलुरु में एक उच्च स्कोर वाले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44-15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है, उनकी उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में वापसी की है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया। पिछले सीजनों में अक्सर आला.ेचनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7-26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार नई गेंद से भरोसेमंद रहे हैं। क्रुणाल पांड्या और लिविंगस्टोन की अगुआई में स्पिन विभाग अतिरिक्त विविधता प्रदान करता है। वानखेड़े की पिच सपाट और ठोस होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों के अनुकूल होगी। इस स्थल पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के बेहतर परिणाम रहे हैं, जिन्होंने 119 टी20 मैचों में से 65 में जीत हासिल की है। दोनों पक्षों के लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता देने के कारण, टॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुंबई अपने अभियान को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है और आरसीबी अपनी गति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, सोमवार का मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। जहां एमआई घरेलू समर्थन और पिछले दबदबे पर निर्भर करेगा, वहीं आरसीबी मौजूदा फॉर्म के आधार पर अधिक स्थिर इकाई दिखाई देती है।

**मुंबई इंडियंस की संभावित एकादशः** विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट इम्पैक्ट प्लेयर: तिलक वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संभावित एकादशः** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल इम्पैक्ट प्लेयर: सुयश शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# चार माह बाद वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह




एमआई ने रेडी टू रोर मैसेज पोस्ट किया

मयंक यादव बॉलिंग के लिए फिट

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बार्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चौंपियंस ट्राफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पाइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 आईपीएल मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पाइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है। लखनऊ के मयंक पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मयंक एनसीए में बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैंने उनके गेंदबाजी के कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें वे लगभग 90 से 95प्रतिशत की फिटनेस के साथ गेंदबाजी कर रहा था। मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के लिए वाकई बहुत बढ़िया है। हमने पिछले साल उनके प्रदर्शन को देखा था। मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसने मयंक से ज्यादा तेज गेंदबाजी की हो। मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। वे डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 किमी प्रति घंटा से ऊपर रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी: रिंकु

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक.ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विस्र्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की बांह में गुदा टेटू उन्हे उस पल की याद दिलाता है, जिसने उनकी लजदगी हमेशा के लिए बदल दी। नाइट बाइट के एक एपिसोड में रिंकू ने अपने क्रिकेट के स्र्र को याद करते हुए अपने टैटू के बारे में बात की, जिस पर 'भगवान की योजना, खूबसूरती से किया गया' लिखा हुआ था और साथ ही '2:20' लिखा हुआ था। ठीक वही पल जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और उसने उनकी ज़्लदगी हमेशा के लिए बदल दी। कोलकाता फ्रेंचाइजी के साथ अपने विशेष संबंध को दर्शाने वाले टैटू की ओर इशारा करते हुए उन्होने कहा कि जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। उससे पहले हमारे पास ज़्यादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़्लदगी पूरी तरह बदल गई। मेरे भाई-बहनों की शादियाँ आसान हो गईं, और हमने उस पैसे से एक घर भी खरीदा।

### घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : मदन दिलावर

**झुंझुनू, वार्ता।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। श्री दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है।

# डबल हेडर के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव

दिल्ली शीर्ष पर, पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें सूची में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 में दो मुकाबले लगभग एकतरफा हुए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को शिकस्त दी। इन दो मैचों के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुआ है।

पंजाब की टीम को जहां तीन स्थान का नुकसान हुआ, वहीं पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें अंक तालि.का में सबसे नीचे हैं। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत रही। टीम छह अंक और +1.257 का नेट रन रेट लेकर शीर्ष पर है। वहीं, चेन्नई की यह तीसरी हार रही। पांच बार की चैंपियन यह टीम एक जीत और दो अंक लेकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -0.891 है। वहीं, राजस्थान को भी जीत का फायदा हुआ और टीम सातवें स्थान पर कायम है। उसने अभी तक चार में से दो मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार मिली है। राजस्थान का नेट रन रेट -0.185 है। पंजाब की टीम को तीन स्थान का नुकसान हुआ। दिल्ली- चेन्नई मैच के बाद पंजाब किंग्स पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़की, फिर राजस्थान से खुद के मैच के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गई। पंजाब ने तीन में से दो मैच जीते हैं और चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.074 है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन में से दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात टाइटंस तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.807 है। फिर पंजाब का नंबर आता है। उसके बाद पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। उसके अंक चार हैं और नेट रन रेट +0.070 है। वहीं, लखनऊ चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। उसके भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.048 है। इसके बाद नीचे के चार स्थान पर चार पूर्व चैंपियन टीमें हैं। सातवें स्थान पर राजस्थान और आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है और तीन हार और दो अंक के साथ आठवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.108 है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और हैदराबाद 10वें स्थान पर है।

# एलएसजी के दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नोटबुक सेलिब्रेशन की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही दो डिमेरिट पाइंट दिया गया है। अब उनके तीन डिमेरिट पाइंट हो गए हैं। दिग्वेश को इसी सेलिब्रेशन के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी 25 प्रतिशत फाइन लगा था और एक डिमेरिट पाइंट दिया गया था। वहीं, स्लो ओवर रेट के लिए टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल शुक्रवार रात लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मैच में दिग्वेश राठी ने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद अपने ट्रेड मार्क नोट बुक फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी दिग्वेश राठी आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी पाए गए। इसलिए उन पर 50 प्रतिशत जुर्माना और 2 डिमेरिट पाइंट दिए गए। इससे पहले एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ में ही खेले गए मैच में पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट किया करने बाद पर्चा फाड़ने के अंदाज में सेलिब्रेशन किया था। उनकी इस हरकत पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट पाइंट दिए गए थे। एक अप्रैल को पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद उनके पास जाकर नोटबुक सेलिब्रेशन करते हुए दिग्वेश राठी।

# धोनी ने संन्यास की खबरों को खारिज किया

इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे माही

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा पाडकास्ट में आईपीएल से अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। धोनी के संन्यास की अफवाह ने उस वक्त जोर पकड़ा जब सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपाक में खेले गए मुकाबले को देखने के लिए धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, धोनी के संन्यास की खबर अफवाह निकली क्योंकि उन्होंने मैच के बाद ऐसी कोई घोषणा नहीं की। धोनी ने अब इन खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और राज शमानी के पाडकास्ट में प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे। धोनी बताया कि वह अपने शरीर को आठ महीने का समय देंगे यह देखने के लिए कि क्या 44 साल की उम्र में भी वह खेल सकते हैं। उनके पास अभी समय है यह जानने के लिए कि क्या वह इस लीग में अलविदा कहेंगे। धोनी के पाडकास्ट में कहा, नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। अभी मैं 43 साल हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं नहीं करता, बल्कि मेरा शरीर करता है। सीएसके के मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से भी यही सवाल किया गया था। इस पर फ्लेमिंग ने कहा था कि उनकी धोनी से संन्यास के बारे कोई चर्चा नहीं हुई है। फ्ले.मिंग ने धोनी के संन्यास को लेकर कहा, नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे कुछ पता नहीं है। मैं बस उनके साथ काम करने का लुत्फ उठा रहा हूं।

# न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल-सियर्स बने हीरो

न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में पाक को 43 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्द्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गई। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक रिजवान (37) शामिल थे।

# आरआर की सलामी जोड़ी अदभुतः क्लार्क




जायसवाल और संजू किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखते है

**मुबंई, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।

कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा कि जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा कि राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा कि मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्यादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा कि मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए।

# डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती: सिनर

टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थीरू सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था। जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया

● नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, मोहम्मद सिराज को चार विकेट मिले




**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी (31 रनद्ध और हेनरिक क्लासन (27 रन( ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बाल पर हैदराबाद का 5वां बैटर आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्ध्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बाल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। साई किशोर ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टीम ने तीसरा विकेट 50 रन के स्कोर पर गंवाया था। ओवर की आखिरी बाल पर अनिकेत ने एक रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बाल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी। एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

# सम्पादकीय

सोमवार, 7 अप्रैल 2025

## दलबदल पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि यदि स्पीकर दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिर्णय दिखाते हैं, तो न्यायपालिका निष्क्रिय नहीं रह सकती। अदालत निर्देश जारी कर सकती है, जिसे यदि नजरअंदाज किया गया, तो अनुच्छेद 142 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। विधानसभाओं में दलबदल का मुद्दा हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। सत्तारूढ़ दलों, सियायी लोगों का का, तो यहां तक कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने दलबदल को प्रोत्साहित करके अपने विधायी आधार में बढ़ोतरी के लिए निर्लज्ज रवैया अपनाया है। आम तौर पर इसके लिए अपनाए जाने वाले तरीके में, जिसे 2010 के दशक के उत्तरार्ध में मणिपुर में और बाद में महाराष्ट्र में बेशर्मी से अपनाया गया। स्पीकर शामिल होते हैं, जो हमेशा सत्तारूढ़ दल से होते हैं। वह दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ विपक्षी दलों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर बिना कोई फैसला दिए बैठे रहते हैं। कुछ दलबदलुओं को, उनके पाला-बदल पर स्पीकर का निर्णय लंबित रहते हुए, मंत्री के रूप में शपथ तक दिलाई गई है। लोकतांत्रिक कवायद का मजाक बनाते हुए, कई राज्यों में सत्तारूढ़ दल की ओर सामूहिक पाला-बदल का अशोभनीय दृश्य देखा गया है। इस सिलसिले में सबसे ताजा तेलंगाना की स्थिति है, जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पाला बदलकर कांग्रेस की ओर जाने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें स्पीकर ने इस साल जनवरी में जाकर अधिसूचित किया। स्पीकर द्वारा समय से कार्रवाई की मांग करते हुए बीआरएस ने एक याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित टिप्पणी की कि अगर कोई स्पीकर अनिर्णायक बने रहने का विकल्प चुनता है, तो अदालत सुप्रीम कोर्ट, शक्तिहीन नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की यह टिप्पणी तर्कसंगत है कि अदालतें किसी स्पीकर को यह नहीं बता सकतीं कि वह कैसे निर्णय करे, लेकिन वे स्पीकर से वाजिब समय के भीतर निर्णय करने के लिए कह सकती हैं। मई 2023 में, पांच जजों की एक संविधान पीठ ने दलबदल पर निर्णय के लिए स्पीकरों की उपयुक्तता और निष्पक्षता में विश्वास जताया था लेकिन एक वाजिब अवधि के भीतर। इस फैसले की बुनियाद पर अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की दलबदल याचिकाओं पर निर्णय करने के वास्ते महाराष्ट्र के स्पीकर के लिए एक समयसीमा तय की थी। स्पीकर द्वारा याचिकाओं पर सुनवाई में अनावश्यक देरी के बाद यह कदम उठाया गया था। फिर भी, यह मुद्दा बना हुआ है। यह अपरिहार्य है क्योंकि स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ दलों से निर्वाचित होते हैं और शायद ही कभी गैर-पक्षपाती ढंग से काम करते हैं, जबकि उनसे निष्पक्षता बरतने की उम्मीद की जाती है।

## अतीत को याद रखें भाजपा कार्यकर्ता



सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा, हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है, उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, हमने राममंदिर बनाने का वादा किया, तो पूरा किया, धारा 370 खत्म करने का वादा किया, तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है, वो करती है, यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

# वक्फ विवाद: निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

**कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, जबकि सत्तारूढ़ राजद व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं**



**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों लंबी बहस व विवादों के बाद आख़िरकार वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूंकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिए इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हां विपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू, जयंत चौधरी व चिराग़ पासवान से ज़रूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आख़िरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाज़ा खटखटाने की ख़बर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। ग़ौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज़्यादा अचल संपत्ति वक्फ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिए भारत में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक वक्फ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक्फ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक्फ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक्फ बोर्ड को बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति संबंधित विवादों ख़ासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध क़ब्ज़ा हटाने या किसी को किराए पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक्फ सम्पत्तियां केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, ज़मींदारों, जागीरदारों, धनाढय लोगों द्वारा यहां तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने क़ानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियां हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं, कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिए न्यास (वक्फ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट, वैष्णो देवी ट्रस्ट, मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गई है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मों में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की ख़बरें भी आती रहती हैं। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड संपत्तियों के ग़बन और भ्रष्टाचार, वक्फ ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़ा, राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग, धार्मिक भेदभाव, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, क़ानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक क़ानूनविद व बुद्धिजीवी वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी, मुसलमानों द्वारा वक्फ की गई ज़मीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किए जाते तो वक्फ बोर्ड में किसी ग़ैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है? यदि मुस्लिम वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में ग़ैर-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो ग़ैर-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर क़ब्ज़ा कर सके।

विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमज़ोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थाई ध्रुवीकरण की रणनीति का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फ़रवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दख़ल मानते हुए लंबे समय से इस क़ानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फ़रवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दख़लअंदाज़ी सहन नहीं कर पा रहे फिर आख़िर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दख़ल देने का मक़सद क्या? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है ? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व क़ब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोज़र से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक्फ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

**यह लेखक के निजी विचार है**




# खतरे में समूचा नार्थ-ईस्ट और चीन...

**मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है, यूनुस और जिनपिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया**



**पवन सिंह**

चीन भारतीय सीमाओं और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए अब एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। वह बात अलग है कि सरकार नंगी आंखों से लगातार सारा चीनी खेल देख रही है लेकिन खामोश है। यह सन्नाटा क्यों पसरा हुआ है यह एक बड़े रहस्य का विषय है। चीन के लिए मौजूदा भारतीय नेतृत्व किसी वरदान की तरह है जब न तो सत्ता से कोई आवाज उठ रही है न ही 24 गुणा 7 'राष्ट्रवादी लीक्विड फ्लो डिस्चार्ज' करने वाले झंबरझांय टाइप्स नोएडा मीडिया से। सबसे बड़ी बात विपक्षी दलों की खतरनाक हो चली चुप्पी है।



विपक्ष को चीनी घुसपैठ पर मुखर होकर सवाल उठाना चाहिए, वह भी खामोश है। विपक्ष यह कह कर अपना दामन नहीं बचा सकता है कि संसद में उसे बोलने नहीं दिया जाता सड़क पर बोलने से किसने रोका है आपको हाल ही में चीन ने बांग्लादेश सरकार के साथ तीस्ता नदी प्रोजेक्ट पर जो समझौता किया है, वह माओत्से तुंग के उस सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा जब उसने कहा था-समूचा नार्थ ईस्ट हो अपना। ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने इंडियन डिफेंस रिव्यू में जो विश्लेषण किया है वह बतौर एक हिन्दुस्तानी मेरे मन को बहुत दुखी कर रहा है। हम धीरे-धीरे नार्थ ईस्ट को खोने की कगार पर हैं। बकौल इंडियन डिफेंस रिव्यू वर्ष, 2017 का डोकलाम गतिरोध शी के कायाकल्प के सपने की प्रारंभिक अभिव्यक्ति थी उसके बाद से चीन बहुत कुछ आगे बढ़ चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है जब हमें एक शक्तिशाली दुश्मन से खुद को लड़ने के लिए तैयार करने की जरूरत थी, हमने अपनी ही जनता को आपस में लड़ा दिया है। हमने स्वयं अपनी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर डाला है। अपने उद्योगों को चीन के हाथों रौंदवा डाला है। बात होनी चाहिए चीनी कब्जे पर बात हो रही है मस्जिदों की खुदाई पर। बात होनी थी वायुसेना और थल सेना पर नेवी की मजबूती पर बात हो रही नमाज छत पर होगी या सड़क पर माओत्से ने झिंजियांग व तिब्बत पर कब्जा करके चीन को भारत, नेपाल और भूटान के साथ साझा सीमाएं दे दीं और आगे का काम अब शी जिनपिंग कर रहा है। माओत्से (ज़ेडोंग) तिब्बत को चीन का दाहिना हाथ मानता था, जबकि लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और नेफा यानी अरुणाचल प्रदेश को उसकी पांच उंगलियां मानता था। इसलिए माओ का मानना था कि इन क्षेत्रों को 'आजाद' कराना चीन की ज़िम्मेदारी है। इंडियन डिफेंस रिव्यू के अनुसार-तिब्बत पर कब्ज़ा करने के बाद यह व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि चीन इन क्षेत्रों को आज़ाद करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन तिब्बत पर कब्ज़ा करने के खिलाफ़ वैश्विक आक्रोश ने माओ को अस्थायी रूप से इस विचार से खुद को दूर करने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन माओत्से तुंग के आधुनिक अवतार शी जिनपिंग ने माओ के 'पांच अंगुलियों' को 'स्वतंत्र' करने के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। पांच अंगुलियों में से दो भारत की सीमा से लगे संप्रभु राष्ट्र हैं, जबकि अन्य तीन भारत का अभिन्न अंग हैं।

डोकलाम में चीन को जो चाहिए था वह खेल उसने जीत लिया है। चीन ने डोकलाम पठार के पास भूटान में 22 गांवों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 2017 में इसी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गतिरोध हुआ था। चीन की इस गतिविधि से सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर भारत के सामने नंगी चुनौतियां हैं। टाइम्स ग्रुप ने इस मसले पर एक स्टोरी की थी लेकिन वह मंदिर-मुस्लिम-मस्जिद के आगे बेकार साबित हुई। जयंता कालिता के अनुसार-अप्रत्याशित करना और गोपनीयता चीन की विदेश नीति की पहचान है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भूटान के रणनीतिक क्षेत्र डोकलाम पठार से चीनी सैनिकों के हटने के आठ साल बाद, बीजिंग ने इस क्षेत्र में कम से कम 22 गांवों और बस्तियों का निर्माण किया है। तिब्बती विश्लेषकों के एक नेटवर्क 'टर्कुइज रूफ' की तरफ से प्रकाशित अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट ने डोकलाम के पास चीनी निर्माण गतिविधि में वृद्धि का खुलासा किया है। भूटान ने चीनी दबाव के चलते अंततः भूटान-चीन सीमा पर संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कार्यों को रेखांकित करते हुए परिसीमन और सीमांकन पर एक 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर कर दिए। जबकि भूटान, भारत की सहमति के बिना डोकलाम के नजदीकी इलाकों को नहीं छोड़ सकता था, क्योंकि 2007 की भारत-भूटान शांति संधि के अनुसार भूटान को भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना होगा लेकिन यहां चीन ने बाजी पलट दी। इसके बाद भूटानी प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा के दौरान डोकलाम के नजदीक चीन द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के बारे में नई दिल्ली को बताया लेकिन शर्मिंदगी से बचने के लिए मामले को दबा दिया गया। फिलहाल चीन ने जो 19 गांव बसाये उनमें से तीन को कस्बों में अपग्रेड किया जा रहा है। चीन ने भूटान के इन पहले से निर्जन क्षेत्रों में लगभग 7,000 लोगों को स्थानांतरित किया है। ये सात हजार सैनिक हैं या आम नागरिक नहीं पता। चीन ने वर्षों से विवादित क्षेत्रों पर धीरे-धीरे अतिक्रमण किया है। विश्लेषक इसे 'सलामी स्लाइसिंग' कहते हैं।

फिलहाल मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है। यूनुस और जिनफिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया।

## पहला सुख निरोगी काया, केवल कहावत नहीं, जरूरत है

# अधूरी स्वास्थ्य सेवाएं, अधूरे सपने...



**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, इस दिवस को बनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का पहला लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज रहा है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि समुदाय में सभी लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं व देखभाल मिले और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी हों। स्वास्थ्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने तथा लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के उद्देश्य से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य: हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। समूचे विश्व में जन-स्वास्थ्य से जुड़े कुछ वैश्विक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो हालांकि टीकाकरण, परिवार नियोजन, एचआईवी के लिए एंटीरिट्रोवायरल उपचार तथा मलेरिया की रोकथाम में सुधार हुआ है लेकिन चिंता की स्थिति यह है कि अभी भी दुनिया की आधी से अधिक आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं है। विश्वभर में 80 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपने घर के बजट का कम से कम दस फीसदी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा खर्च करने के कारण दस करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग,



मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना जैसे वायरसों के समक्ष जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। यदि भारत की बात की जाए तो भारतीय समाज में सदियों से धारणा रही है 'जान है तो जहान है' तथा 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया'। 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात् 'सब सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों' मूलमंत्र में यही स्वास्थ्य भावना निहित है। कोरोना काल की अवधि को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले दशकों में आर्थिक दृष्टि से तीव्र गति से विकास तो अवश्य हुआ लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तेज गति से आर्थिक विकास के बावजूद इसी देश में करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले तीन फीसदी से भी अधिक बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और चालीस फीसदी से अधिक बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं।

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब
# रामबाण से कम नहीं है पुदीना

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रूप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है-खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट, मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इकट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### डाइजेशन होता है बूस्ट अप

अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं।

### अतिरिक्त भूख और क्रेविंग को कंट्रोल करता है

ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुदीना को जरुर शामिल करें। इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगेगी और बार-बार खाने की इच्छा भी कंट्रोल रहेगी।

### बॉडी को डिटॉक्स करता है

पुदीने के सेवन से आपको यह फायदा होगा कि आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी। दीना एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। यह आपकी बॉडी को अंदर से साफ और डिटॉक्स करता है। पाचन बेहतर रहता है और ब्लोटिंग भी नहीं होती है।

# विरोध की लहर: ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों अमेरिकी

**50**
राज्यों में हो रहे उग्र प्रदर्शन

**1400**
से अधिक रैलियां निकाली गईं

**6**
लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट आर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+वालंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में सिविल राइट आर्गनाइजेशन और मजदूर संघ जैसे 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। एलन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डालर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रो. कल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

## रैली में लगे नारे 'वह पागल है, अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा'

**वाशिंगटन।** प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पागल है और अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। वाशिंगटन के नेशनल माल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिफैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है।

वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है। लास एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रम्प की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निक.ली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रम्प ने सां.विधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

# मोदी की अपील पर श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा



**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लंका ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। पीएम ने कल लंकाई राष्ट्रपति दिसानायके से मछुआरों की रिहाई पर बात की थी। मोदी तीन दिवसीय लंका दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इससे पहले उन्होंने आज बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में माहो ओमनथाई रेल लाइन का उद्घाटन और सिग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने लंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। लंका के माहो जिले से ओमनथाई जिले के बीच यह रेल लाइन नार्दर्न रेलवे लाइन का 128 किमी लंबा हिस्सा है। यह लंका के कुरुनेगला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरता है। लंका सरकार ने इस रेलवे लाइन के आधुनिकीकरण

### पीएम ने बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, भारत लौटे

और सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी IRCON इंटरनेशनल लिमिटेड इस खंड के डेवलपमेंट का काम कर रही है। इस परियोजना के लिए भारत ने 318 मिलियन डालर (2720 करोड़ रुपये) का लोन दिया है।

पीएम अनुराधापुरा के जय महाबोधि मंदिर भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भेंट की है। इस दौरान पीएम ने मंदिर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु को उपहार भी दिया।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हो गई। यह जानकारी सरकारी दैनिक द मिरर ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के कारण शनिवार तक 4,671 लोग घायल हुए हैं जबकि 214 लोग अभी तक लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बचाव संगठनों ने भूकंप के बाद इमारतों में फंसे 653 लोगों को बचाया है और मलबे से 682 शव निकाले गए हैं।

### एक नजर

## इजरायल ने दो महिला ब्रिटिश सांसदों को देश में एंट्री नहीं दी

**यरुशलम।** इजरायली अधिकारियों ने दो ब्रिटिश सांसदों को देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि वे कथित तौर पर इजरायल विरा.धी बयानबाजी फैलाने की योजना बना रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। अखबार ने प्राधिकरण का हवाला देते हुए कहा कि सांसदों अब्तिसम मोहम्मद और युआन यांग को इजरायल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि पता चला कि उनके दौरे का उद्देश्य इजरायली सुरक्षा बलों का दस्तावेजीकरण करना और इजरायल के खिलाफ घृणित बयानबाजी फैलाना था।


## अमेरिका में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जार्ज गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** फोर्ट बेंड काउंटी के जज केपी जार्ज को शुक्रवार को दो गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वायर धोखाधड़ी और एक अभियान वित्त रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसके चलते धन शोधन के आरोप भी लगाए गए हैं। बता दें कि 2018 से काउंटी जज के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के जार्ज को गिरफ्तार करने के बाद काउंटी जेल में ले जाया गया, जहां उन्होंने 20,000 डालर की जमानत पर रिहाई पाई। वहीं अब बात अगर जज पर लगे आरोपों की करें तो जार्ज पर आरोप है कि उन्होंने +30,000 से +150,000 के बीच धन शोधन किया। हालांकि अपने पक्ष में जार्ज ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

# अमेरिकी जहाज़ों की कब्रगाह बना लाल सागर

### हूतियों ने कई युद्धपोतों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के हूतियों को धमकी के बाद अमेरिका ने यमन पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। इसके बावजूद भी वह हूती की ताकत को खत्म नहीं कर पाए हैं, हूती लाल सागर में आज भी अपने हमले जारी रखे हुए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तरी हिस्से में अमे.रिकी विमानवाहक हैरी ट्रूमैन और उसके साथ के जहाजों पर हमला किया। अल मसीरा टीवी चैनल पर पब्लिश अपने भाषण में सारी ने कहा, पिछले कई घंटों के दौरान नौसेना के साथ मिलकर रॉकेट बलों और मानव रहित हवाई वाहनों ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लाल सागर के उत्तरी भाग में अमे.रिकी वायु वाहक हैरी ट्रूमैन सहित कई युद्धपोतों के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। हूतियों ने अमेरिकी नेवी के खिलाफ कोई एक हमला नहीं किया बल्कि उनकी लाल सागर में यह कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही है। सारी ने बताया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले कई घंटों तक जारी रहे और इससे विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों को रोका जा सका है। 5 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि उनकी स्ट्राइक में हूती के कई ऑपरेटिव एक मीटिंग करते हुए मारे गए, लेकिन हूती ने ट्रम्प के इस दावे को गलत बताया है और कहा है कि जहां हमला हुआ वह ईद के दौरान होने वाली आम लोगों की गैदरिंग थी। यमन के हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस वक्त हथियार की सप्लाई यमन तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है, फिर भी यमन ने मिसाइलों को जखीरा बना रखा है। ट्रम्प की खुली चेतावनी के बाद यमन के लाल सागर में जारी हमले अमेरिकी की एक बड़ी बदनामी के तौर पर देखा जात रहा है।





# बालू कलाकार सुदर्शन को मिला द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची बालू की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जान ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है। सुदर्शन पटनायक को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनियाभर में 65 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बालू मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनियाभर के कलाकार असाधारण बालू की मूर्तियां बनाते हैं।





